RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7, अंकः36, शुक्रवार, 20 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


एलपीजी आपूर्ति संकटः तकनीकी खामियों से जूझ रहे डिस्ट्रीब्यूटर 03


अपर महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का 71वीं वाहिनी, मोतिहारी में भ्रमण 04

सलमान खान की मातृभूमि का गाना तुम चांद देख लेना का टीजर हुआ... 07

## ओडिशा में गोल्ड के बाद मिला डायमंड का भंडार

● माझी सरकार ने किया खोज का दावा ● कालाहांडी में माणिक, देवगढ़ में तांबा, सोना भी मिला

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा की समृद्ध खनिज संपदा को उजागर करने वाली एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। राज्य सरकार ने बताया है कि नुआपड़ा जिले में हीरा युक्त पत्थरों की खोज हुई है। यह जानकारी गुरुवार को राज्य विधानसभा में खनन मंत्री बिभूति भूषण जेना ने दी।

मंत्री ने बताया कि खजाने से भरी ओडिशा की धरती के नीचे हीरे मौजूद हैं और नुआपड़ा जिले के कलामिदादर क्षेत्र में हीरा युक्त पत्थरों की पहचान की गई है।

मंत्री के अनुसार, इस क्षेत्र में खनन कार्य संभव है या नहीं, यह तय करने के लिए तकनीकी, आर्थिक और अन्य व्यवहार्यता से जुड़े विस्तृत अध्ययन किए जा रहे हैं।



**कीमती रत्न मिलने के संकेत-** इसके अलावा कालाहांडी जिले से भी कीमती रत्न मिलने के संकेत मिले हैं। जूनागढ़ ब्लॉक के हिंजिलीबहाल-जिलिंगिबार क्षेत्र में माणिक (रूबी) के अंश पाए जाने की जानकारी मिली है, जिससे यहां उच्च मूल्य वाले खनिज संसाधनों की मौजूदगी का संकेत मिलता है। इसी तरह देवगढ़ जिले के रीमल क्षेत्र में कई प्रकार के खनिज संसाधन पाए गए हैं, जिनमें तांबा युक्त पत्थर, ग्रेफाइट, निकेल और सोने के भंडार शामिल हैं।इन खोजों से यह संकेत मिलता है कि ओडिशा में विविध खनिज संपदा मौजूद है, जो राज्य में औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकती है। इसके अलावा मयूरभंज और केंदुझर जिलों में भी सोना युक्त पत्थरों की पहचान होने की जानकारी दी गई है, जिससे ओडिशा के खनिज समृद्ध राज्य होने की पुष्टि और मजबूत होती है। राज्य सरकार इन सभी खोजों का विस्तृत अध्ययन कर रही है, ताकि इनके व्यावसायिक उपयोग की संभावना का आकलन किया जा सके।

## नोरा-संजय के विवादित गाने पर महिला आयोग का एक्शन


● कहा- दोनों 24 मार्च तक पेश हों, नहीं तो कानूनी कार्रवाई हो सकती है



**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने विवादित गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण (प्रोड्यूसर, केवीएन ग्रुप) और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है। सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एनसीडब्ल्यू ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

### संक्षिप्त समाचार

**द्वितीय ब्रह्मचारिणी**



नव दुर्गा के दूसरे रूप का नाम है मां ब्रह्मचारिणी। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है वह जो असीम, अनन्त में विद्यमान, गतिमान है। एक ऊर्जा जो न तो जड़ न ही निष्क्रिय है, किन्तु वह जो अनन्त में विचरण करती है। यह बात समझना अति महत्वपूर्ण है - एक गतिमान होना, दूसरा विद्यमान होना।

## देश के कई राज्यों समेत महाराष्ट्र में मनी गुड़ी पड़वा

● चैत्र नवरात्र उत्सव शुरु- देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

● पीएम मोदी ने हिंदू नव वर्ष पर 9 तरह से शुभकामनाएं पोस्ट कीं



**नईदिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** देशभर में नवरात्रि का उत्सव मनाया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के कटरा में बारिश के बीच भक्त दर्शन करने पहुंचे। वहीं यूपी में भी बड़े मंदिरों में भीड़ नजर आ रही थी। उधर देश के कई राज्य समेत महाराष्ट्र में भी गुड़ी पड़वा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस भी हिंदू नव वर्ष के कार्यक्रम में शामिल हुए। उधर पीएम ने देशवासियों को नवरात्रि और नव वर्ष पर 9 अलग-अलग तरह से पोस्ट कर बधाई दी।

**उखड़े पेड़, ढही दीवारें और गिरी छत...**

## पाकिस्तान में भीषण तूफान से तबाही, कराची में 21 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कराची में आए भीषण आंधी-तूफान और तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई। पुलिस और राहत अधिकारियों के अनुसार, इस इसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि कुछ इलाकों में हवाओं की रफ्तार 97 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई।

**शेयर बाजार में मचा कोहराम**

## 11.50 लाख करोड़ स्वाहा, सेंसेक्स 2500 अंक गिरकर बंद हुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीन दिन से चली आ रही तेजी का दौर गुरुवार को थम गया। कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी के कारण बीएसई सेंसेक्स 2496.89 अंक यानी 3.26 प्रतिशत की गिरावट




के साथ 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स भी 775.65 अंक फिसलकर 23,002.15 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2,700 अंक से अधिक फिसल गया था जबकि निफ्टी 23,000 से नीचे चला गया था। इस गिरावट से निवेशकों को 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ और बीएसई लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप गिरकर 427 लाख करोड़ रुपये रह गया।

## भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जारी की दूसरी लिस्ट

● 111 कैंडिडेट का ऐलान, रुपा गांगुली-सुवेंदु के भाई को टिकट

**कोलकाता(एजेंसी)।** बीजेपी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी की है। पार्टी ने इसमें कुल 111 कैंडिडेट घोषित किए हैं। बीजेपी ने नोआपाड़ा से चुनाव लड़ेंगे पूर्व सांसद अर्जुन सिंह और सोनारपुर दक्षिण से पूर्व राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली को उम्मीदवार बनाया है।



बीजेपी ने राज्य विधनसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी के छोटे भाई को भी टिकट दिया है। बीजेपी ने हिंगलगज से रेखा पात्रा उम्मीदवार बनाया है। इतना ही नहीं चोपड़ा से शंकर अधिकारी और टॉलीगंज से पापिया अधिकारी को कैंडिडेट बनाया है। बंगाल में दो चरणों में चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने वोटिंग के लिए 23 और 29 अप्रैल की तारीखें निश्चित की हैं। बंगाल के नतीजे 4 मई को आएंगे। इसके पहले सुबह असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सरमा सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

# आर्थिक तबाही की जंग शुरू!

● ऊर्जा ठिकानों पर अमेरिका-इजरायल-ईरान के हमलों से सहमी दुनिया ● ब्रेंट क्रूड का भाव 114 डॉलर तक पहुंचा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में चल रही जंग अब एक नए और खतरनाक चरण में पहुंच गई है। शुरुआत में जहां सैन्य ठिकानों और नेताओं को निशाना बनाया जा रहा था, अब युद्ध का फोकस सीधे तेल और गैस के भंडार पर आ गया है। यानी अब यह जंग सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक युद्ध बन चुकी है।पहले हमले सैन्य ठिकानों और बड़े नेताओं पर हुए। इसके बाद समुद्री रास्तों पर हमले शुरू हुए, जिससे Strait of Hormuz जैसे अहम मार्ग असुरक्षित हो गए। अब अगला और सबसे खतरनाक कदम एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला देखने को मिल रहा है। ईरान-इस्राइल-अमेरिका टकराव से तेल बाजार में भूचाल आ गया है। ब्रेंट क्रूड का भाव 114 डॉलर तक पहुंचा, सप्लाई पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

### ● किन-किन एनर्जी साइट्स को बनाया गया निशाना?

- खर्ग द्वीप (ईरान)
- साउथ पार्स गैस फील्ड
- रास लाफान (कतर)
- वैस रिफाइनरी (अबू धाबी)

वहीं क्रूड 146 डॉलर पहुंच गया है। पेट्रोल-डीजल महंगा हो सकता है। ईरानी हमले से कतर गैस प्लांट बंद, यूरोप में कीमत 30 प्रतिशत बढ़ गई है।



ईरान की ओर से खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर नए हमलों के बाद आज 19 मार्च को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में 30 प्रतिशत तक की तेजी है। जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई है। गैस और क्रूड की कीमतें बढ़ने से भारत में गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं।

**यूएई-कतर-सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला-** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का गुरुवार को 20वां दिन था। सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से अब ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा है। इसके अलावा यूएई और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, यूएई और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी। सऊदी ने आज ईरान को कड़ी चेतावनी दी है।

### ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को इजरायल ने उड़ाया

पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच गुरुवार देर रात इजरायल द्वारा ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा भू-राजनीति में बड़ा झटका माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडार साउथ पार्स पर हमले के बाद जहां ईरान की ऊर्जा क्षमता प्रभावित हुई है, वहीं इसका सीधा असर वैश्विक तेल-गैस बाजार और भारत जैसी आयात-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ना तय है।

## पश्चिम एशिया में बिगड़े हालात को लेकर पीएम मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों एवं राष्ट्राध्यक्षों से चर्चा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की है। इस बातचीत को लेकर पीएम मोदी ने खुद अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी है।



पीएम मोदी ने इससे पहले मलेशिया के प्रधानमंत्री से भी बात की। इस दौरान भी उन्होंने पश्चिम एशिया में संकट पर चर्चा की। पीएम मोदी ने लिखा मैंने अपने प्रिय मित्र, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से पश्चिम एशिया की स्थिति और तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता के साथ-साथ संवाद और कूटनीति की ओर लौटने के बारे में बात की। हम इस क्षेत्र और उससे परे शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ समन्वय को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

**पीएम मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री से भी की बात-** इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात की। उन्होंने इसकी जानकारी भी अपने एक्स हैंडल पर दी।

**30 मार्च 2025 को दुकान पर बैठे व्यवसायी को मार दी थी गोली**

## मोतिहारी में अपराधियों का दुस्साहसः शूटर गिरफ्तारी के बाद भी हार्डवेयर व्यवसायी के घर पर फायरिंग

सागर सूरज

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र में अपराधियों का दुस्साहस थमने का नाम नहीं ले रहा है। गायघाट चौक स्थित हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस द्वारा शूटर की गिरफ्तारी के दावे के बीच अब एक बार फिर उनके घर पर अंधाधुंध फायरिंग की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। घटना स्थल पर खबर लिखें जाने तक अरेराज डीएसपी रवि कुमार और स्थानीय थाना कैंप कर रहे है। पूर्व में पुलिस ने कामता मिश्र को गोली मारने वाले शूटर अंकित कुमार सिंह को गिरफ्तार किया था। वह फेनहारा थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर इस मामले में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश में छापेमारी करने की दावा की थी। पुलिस का दावा था कि जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि 30 मार्च, 2025 को गायघाट कोल्ड स्टोरेज के सामने



स्थित अपनी हार्डवेयर दुकान में बैठे कामता मिश्र पर बाइक सवार तीन अपराधियों ने घुसकर गोली चला दी थी। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें इलाज के लिए मोतिहारी भेजा गया था। इस घटना के बाद पुलिस पर त्वरित कार्रवाई का दबाव था। लेकिन ताजा घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब पुलिस एक शूटर को गिरफ्तार कर चुकी है, तो फिर दोबारा उसी व्यवसायी को निशाना क्यों बनाया गया? क्या असली साजिशकर्ता अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं? आखिर कौन है जो लगातार कामता मिश्र की जान का दुश्मन बना हुआ है? क्या पूर्व की घटना में पूरी सच्चाई सामने नहीं आ सकी? ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भय और आक्रोश दोनों है। उनका कहना है कि अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। वहीं, पुलिस एक बार फिर जांच और कार्रवाई की बात कर रही है। इस बार गुरुवार के ढेर रात अँधेरे मे हमलावर कुछ बाइक पर सवार हो कर आये और जम कर फायरिंग की। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार पुलिस केवल गिरफ्तारी के दावे तक सीमित रहेगी या वास्तव में पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर क्षेत्र में कानून का राज स्थापित कर पाएगी। लगातार हो रही घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बर्फ से ढके चारों धाम, दिल्ली में बूंदाबांदी

● मप्र में कई जगह ओले गिरे ● राजस्थान में लगातार दूसरे दिन ओले गिरे, हरियाणा में बारिश से सड़कें डूबीं

**जयपुर/लखनऊ/शिमला/देहरादून/भोपाल (एजेंसी)।** देश के कई हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है। राजस्थान के सीकर में लगातार दूसरे दिन तेज बरसात के साथ ओले गिरे हैं। आंधी-बारिश के कारण हुए हादसे में जैसलमेर में दो भाइयों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत 33 जिलों में आंधी-बारिश और 3 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान जताया है।

उधर हरियाणा के रेवाड़ी में रात में हुई तेज बारिश के साथ ओले गिरे। सड़कों पर



पानी भर गया। आंधी के चलते सड़कों पर लगे होर्डिंग भी उखड़ गए। बारिश के कारण दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। आने वाले दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिलेगी।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं हिमाचल के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में तेज बारिश, आंधी, बिजली गिरने और ओले गिरने की संभावना है।

**नगालैंड में तूफान-बारिश से तबाही, 46 परिवार प्रभावित-** नगालैंड में तेज तूफान और बारिश से 46 परिवार प्रभावित हुए हैं। चुमौकेडिमा और पेरेन जिलों में कई घरों और बिजली के खंभों को नुकसान पहुंचा है।

**अगले दो दिन मौसम का हाल-** 20-21 मार्च- मौसम विभाग ने दिल्ली में यलो अलर्ट जारी करते हुए हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। राजस्थान में ओले गिरने का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी कर भारी बर्फबारी की चेतावनी दी गई है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश में आंधी का अलर्ट है। नॉर्थ-ईस्ट में भी तेज बारिश की आशंका है।

## सीकर में 5000 लोगों की केसरिया रैली



**सीकर (एजेंसी)।** सीकर में हिंदू नववर्ष के अवसर पर केसरिया वाहन रैली निकाली जा रही है। बारिश के कारण रैली रामलीला मैदान से एक घंटे देरी से शुरू हुई।

रैली की निगरानी ड्रोन से की जा रही है। एक महाडीजे, चार डीजे, बाइक, ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के साथ बड़ी संख्या में लोग नारे लगाते हुए चल रहे हैं। पूरे सीकर शहर को केसरिया परदों से सजाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला लोक शिकायत निवारण न्यायालय से परिवादी को राहत, पुलिस ने सुधारा रिकॉर्ड



बीएनएम @ मोतिहारी। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार भारती के न्यायालय से परिवादी संजय कुमार सिंह (संपादक) को राहत मिलने के बाद संबंधित मामले में पुलिस प्रशासन ने आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहाड़पुर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने अनन्य संख्या- 999990121122559063 से जुड़े वाद में कार्रवाई पूर्ण होने का प्रतिवेदन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को सौंपा। अपने प्रतिवेदन में उन्होंने बताया कि पहाड़पुर थाना कांड संख्या- 184/21 के प्राथमिकी वॉल्यूम क्रम संख्या- 07 में एक नामजद अभियुक्त का नाम त्रुटिवश दर्ज नहीं हो पाया था। उक्त त्रुटि को अब सुधारते हुए न्यायालय को अवगत कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, 16 अगस्त 2021 को धारा 420/34 भा.दं.वि. के तहत दर्ज प्राथमिकी में अभियुक्त दयाशंकर सिंह उर्फ रोहित राज, पिता महेन्द्र सिंह, निवासी बथुआहाँ (थाना पहाड़पुर, जिला पूर्वी चम्पारण) का नाम आवेदन में होने के बावजूद वॉल्यूम में शामिल नहीं किया गया था। इस संबंध में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मोतिहारी को प्रतिवेदन भेजकर अनुरोध किया गया है कि अभियुक्त का नाम प्राथमिकी वॉल्यूम क्रम संख्या- 07 में जोड़ा जाए। इस कार्रवाई के बाद परिवादी ने संतोष व्यक्त किया है। साथ ही, मामले में प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है।

### भारतीय नववर्ष पर मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन, सांस्कृतिक चेतना पर दिया जोर



**बीएनएम @ मोतिहारी**। भारतीय नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर उद्योगपति व भाजपा युवा नेता यमुना सीकरिया द्वारा अपने कॉलेज के मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद, प्रदीप रूंगटा, अनिल प्रसाद सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित कर उत्सव मनाया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने कहा कि सृष्टि की रचना का प्रारंभ इसी दिन से माना जाता है, इसलिए भारतीय नववर्ष का विशेष महत्व है। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजक यमुना सीकरिया ने कहा कि भारतीय नववर्ष सृष्टि के नव आरंभ, धर्म, सत्य और संस्कारों की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह दिन हमारी कालगणना, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रबोध को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ा जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बचपन से ही भारतीय गौरवशाली संस्कृति के बारे में अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

### पॉक्सो एक्ट मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। भोपतपुर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, भोपतपुर थाना कांड संख्या-120/25 के आरोपी राजू कुमार (पिता- जालन्धर राय), निवासी विशुनपुर को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### देशी कट्टा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच में कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी**। बंजरिया थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जांच के दौरान ग्राम चिचरोहिया निवासी बच्चालाल मुखिया (पिता- भानु मुखिया) को संदिग्ध स्थिति में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा, दो कारतूस, एक चाकू, एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया तथा बरामद सभी सामान को जब्त कर लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अपमान का बदला लेने के लिए दोस्तों ने की हत्या, वैशाली में 15 महीने बाद खुलासा, 2 गिरफ्तार

**बीएनएम @ हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने 15 महीने पुराने अपहरण और हत्या मामले का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने अपहृत युवक विशाल के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने अपमान का बदला लेने के लिए विशाल का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। यह मामला 17 जनवरी 2025 को सदर थाना क्षेत्र के चंद्रालय निवासी वीणा देवी द्वारा दर्ज कराया गया था। उन्होंने अपने बेटे विशाल के अपहरण का आरोप पड़ोसियों और विशाल के कुछ दोस्तों पर लगाया था। शुरुआती जांच में पुलिस ने विशाल के दोस्तों से पूछताछ की थी,लेकिन उन्होंने पुलिस को गुमराह किया। इसी बीच, 31 जनवरी 2025 को सराय थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का शव मिला था। उस समय इसे अज्ञात मानकर मामला बंद कर दिया गया था। अब पुलिस जांच में पता चला है कि वह अज्ञात शव विशाल का ही था, जिसे उसके दोस्तों ने हत्या के बाद ठिकाने लगा दिया था। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि एसपी विक्रम सिहाग के निर्देश पर विशाल अपहरण मामले को दोबारा खोला गया।नई सिरे से जांच करने पर यह सामने आया कि विशाल के दोस्त लक्की,अंशु पांडे समेत कुल सात दोस्तों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने विशाल को जन्मदिन की पार्टी के बहाने बुलाया था। इसके बाद उसका अपहरण कर दोस्त वासिफ के घर ले गए। वहां मुख्य आरोपी लक्की ने गमछे से गला दबाकर विशाल की हत्या कर दी। हत्या के बाद अंशु, शुभम,अभिषेक और मोनू सहित अन्य दोस्तों ने मिलकर शव को सराय थाना क्षेत्र में फेंक दिया था। एसडीपीओ ने जानकारी दी कि इस मामले में अभी दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी लक्की समेत बाकी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसडीपीओ के अनुसार,विशाल का लक्की से पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान विशाल ने लक्की को अपमानित किया था। इसी अपमान का बदला लेने के लिए सभी दोस्तों ने मिलकर यह साजिश रची थी।एसडीपीओ ने यह भी बताया कि मृतक विशाल का भी आपराधिक इतिहास था और उस पर कुछ मामले दर्ज थे।

# सिलेंडर क्राइसिस को लेकर पटना में कांग्रेस का प्रदर्शन

## बोले- कंप्रोमाइज पीएम नहीं चलेगा, '56 इंच का सीना कहां है, जवाब दो' के नारे लगाए

बीएनएम @ पटना

LPG की किल्लत और बढ़ी कीमतों के खिलाफ गुरुवार को पटना में कांग्रेस नेता प्रदर्शन किया। इनकम टैक्स गोलंबर के पास प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता 'सिलेंडर का दाम कम करो', 'आम आदमी पर अत्याचार बंद करो' के नारे लगाए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री नरेंद मोदी का पुतला भी जलाया और सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। पुतला दहन करने के बाद पुतले पर लाठी और चप्पल बरसाए।




प्रोटेस्ट में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी शामिल थीं। उन्होंने नारे लगाए- "कंप्रोमाइज PM नहीं चलेगा, 56 इंच का सीना कहां है, जवाब दो, LPG सिलेंडर की किल्लत क्यों, मोदी सरकार जवाब दो।" कांग्रेस कार्यकर्ता निधि झा ने कहा, "जब 400 रुपए सिलेंडर था तब भाजपा नेता स्मृति ईरानी माथे पर सिलेंडर लेकर ड्रामा करती थीं। कहती थीं कि बहुत महंगा है। अब तो आम जनता के मुंह से निवाला छीना जा रहा है, अब स्मृति ईरानी और भाजपा के बड़े नेता कहां हैं।" वहीं, कांग्रेस नेता राजेश राम ने कहा, "सिलेंडर क्राइसिस है। बड़े-से-बड़े होटल में चले जाइए, अगर पार्टी बुक करानी है तो वे बुकिंग नहीं ले रहे, क्योंकि गैस है ही नहीं, लेकिन सरकार मानने को तैयार नहीं है।"

**पुतला दहन करके लाठी और चप्पल से मारा गया:** एलपीजी सिलेंडर संकट और बढ़ती कीमतों के विरोध में जारी कांग्रेस प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पुतले को लाठी और चप्पलों से मारकर अपना विरोध जताया। मौके पर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

**राजेश राम बोले- गैस की किल्लत है, लेकिन सरकार मानने को तैयार नहीं:** कांग्रेस नेता राजेश राम ने कहा, "सिलेंडर क्राइसिस है। बड़े-से-बड़े होटल में चले जाइए, अगर पार्टी बुक करानी है तो वे बुकिंग नहीं ले रहे, क्योंकि गैस है ही नहीं। लेकिन सरकार मानने को तैयार नहीं है।" राजेश राम ने दावा किया कि गैस के लिए लंबी कतारों में लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया, "पंजाब और यूपी में गैस का नंबर लगाते हुए लोग मर गए, फिर भी सरकार गंभीर नहीं है।"

### सोनू गैंग ने अनंत सिंह को फिर दिया चैलेंज समर्थक को जान से मारने की धमकी दी

बीएनएम @ पटना



कहा- मूंछ पर ताव देने वाला कुछ बिगाड़ लेगा क्या

मोकामा से जदयू विधायक और बाहुबली अनंत सिंह को सोनू गैंग ने फिर चैलेंज किया है। सोनू का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो एक शख्स को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

**इस दौरान वो कहता है- 'अनंत तुमको बचा लेगा क्या?':** सोनू यह भी कहता है- 'जो मूंछ पर ताव देता है, वो मेरे घर पर आया था। क्या कर लिया वो? उसको तो भगा दिए थे।' वीडियो में वो नौरंगा गोली कांड में मुखबिरी करनी की भी बात कह रहा है।

**वीडियो में क्या है:** 4 मिनट के वीडियो में बाढ़ के महेंद्रपुर गांव निवासी शिवरतन कुमार, सोनू पर 38 हजार रुपए बकाया होने का आरोप लगा रहा है। इस आरोप के जवाब में सोनू शिवरतन को भद्दी गालियां देता है और पूछता है कि वह कहां है, ताकि वह वहीं आकर उससे मिल सके। सोनू वीडियो में शिवरतन से कहता है कि उसने जितना सोना दिया था, उतनी चांदी उसे दे दी गई है और अब केवल हजार से पंद्रह सौ रुपए ही बकाया होंगे। इस पर शिवरतन कहता है कि भागलपुर जाने के दौरान उसने दस बोतल शराब भी दी थी, ऐसे में इतना कम पैसा कैसे बकाया हो सकता है।

वीडियो में शिवरतन को अपनी मूंछों पर ताव देते हुए देखा जा सकता है, जिस पर सोनू उसे गालियां देते हुए मूंछों से हाथ हटाने को कहता है। सोनू शिवरतन को जान से मारने की धमकी देता है और कहता है- 'जो तुम्हारा मुंछ वाला है, उसे भी हम भगा दिए, तुमको काटने पर हड्डियां भी नहीं मिलेंगी।'

## 4 महीने बाद कल जेल से बाहर आएंगे अनंत सिंह

बीएनएम @ पटना

मोकामा से जदयू विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह को RJD नेता दुलारचंद हत्याकांड में पटना HC से जमानत मिल गई है। वो कल शुक्रवार को जेल से बाहर आ सकते हैं। 30 अक्टूबर 2025 को दुलारचंद यादव की हत्या हुई। जिसके बाद 1 नवंबर को पटना एसएसपी ने मोकामा आवास से विधायक को अरेस्ट किया था। लगभग 4 महीने बाद अनंत सिंह को बेल मिली है।

अनंत सिंह ने 16 मार्च को राज्यसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान कहा था कि वो जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। बेल मिलने के खबर मिलते ही अनंत सिंह के गांव नदवां में जश्न का माहौल है। आवास पर लगी उनकी 3 करोड़ की लैंड क्रूजर की सफाई की जा रही है।



दुलारचंद यादव हत्याकांड में मिली बेल, गांव में होली और दिवाली मना रहे लोग

इसके साथ ही अनंत सिंह के समर्थकों ने गांव में जमकर आतिशबाजी और एक दूसरे को रंग-अबीर लगाया। लोग एक साथ होली-दिपावली मनाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई।

## पुलिस स्टेशन परिसर में मिल रहे सिलेंडर, थाना में लगी लोगों की भीड़, 400 लोगों को मिले

बीएनएम @ पटना

पटना सिटी में गैस वितरण को लेकर जारी हंगामे के बीच गुरुवार को एक सकारात्मक पहल की गई। मुंगलपुरा टीओपी (थाना आउटपोस्ट) परिसर में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच लगभग 400 लोगों को एलपीजी गैस सिलेंडरों का शांतिपूर्ण वितरण किया गया। यह कदम अव्यवस्था और विवाद की स्थिति से बचने के लिए उठाया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

उनका कहना था कि पुलिस के हस्तक्षेप से वितरण प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हुई और किसी को परेशानी नहीं हुई। आमतौर पर गैस वितरण के दौरान भीड़ और अफरा-तफरी होती है, लेकिन इस बार प्रशासन की सक्रियता से माहौल पूरी तरह नियंत्रित रहा।



थाना प्रभारी ने बताया कि पटना सिटी अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) के निर्देश पर यह कदम उठाया गया। हाल के दिनों में गैस वितरण को लेकर कई स्थानों पर हंगामे और विवाद की घटनाएं सामने आई थीं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस ने गैस एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर वितरण प्रक्रिया को सुरक्षित वातावरण में पूरा कराया।

♦ गैस एजेंसी प्रतिनिधी के साथ बैठे थाना प्रभारी

**आम जनता को आवश्यक सुविधाएं देना पुलिस का काम:** थाना प्रभारी ने आगे कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि आम जनता को आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराना भी है। इसी सोच के तहत यह पहल की गई, ताकि लोगों को राहत मिल सके। गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने भी पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे बिना किसी दबाव या अव्यवस्था के गैस वितरण कर पाए। इससे समय की भी बचत हुई और उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में अधिक देर तक इंतजार नहीं करना पड़ा।

## मांझी बोले, नीतीश जो कहते वही करते हैं

बीएनएम @ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हालिया बयानों के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सीएम की रेस में आगे रहने की चर्चाएं तेज हो गईं हैं। इसी बीच पटना एयरपोर्ट पर जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि नीतीश कुमार जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। उन्होंने मुझे भी मुख्यमंत्री बनाया था।

दरअसल, बीते दिन समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश कुमार ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा था कि अब आगे का काम वही देखेंगे। इसके बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे आगे माना जा रहा है।



♦ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को लेकर दिए बयान पर कहा- मुझे भी सीएम बनाया था

मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बयान को सामान्य बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अक्सर इस तरह अपने सहयोगियों का हौसला बढ़ाते हैं। सम्राट चौधरी हमेशा उनके साथ रहते हैं और उनके भरोसेमंद नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर मीटिंग में ऐसा कहते हैं, इसमें कोई नई बात नहीं है। आप लोगों ने इसे बेवजह बड़ा बना दिया।


**दो मौकों पर भी हैं, जहां सीएम ने बढ़ाया था हौसला:** पिछले कुछ दिनों में दो मौकों पर भी नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को लेकर ऐसे ही संकेत दिए हैं। 18 मार्च को जमुई में अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा, 'ये लोग कितना काम कर रहे हैं, आगे भी यही सब देखेंगे' और इसके बाद मंच पर जाकर सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखा। वहीं, 13 मार्च को सहरसा में भी उन्होंने सम्राट के पास जाकर लोगों से कहा कि उन्हें बताइए कि काम हो रहा है। इन लगातार बयानों के बाद सियासी चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

## घर से चीनी लाने निकली छात्रा, जम्मू-तवी पहुंची, 3 दिन से लापता थी 11 साल की बच्ची

बीएनएम @ पटना

पटना की क्लास 6 में पढ़ने वाली 11 साल की छात्रा अंशिका लापता थी। 3 दिन के बाद वो जम्मू-तवी में मिली है। रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने उसे अकेला घूमते देखा था। जिसके बाद चाइल्ड लाइन केयर को सौंप दिया गया। चाइल्ड लाइन से पटना में परिजन को फोन आया। अब अंशिका के पास उसके पिता और पटना पुलिस की टीम जा रही है। दरअसल, अंशिका घर से 50 मीटर की दूर एक दुकान से चीनी सामान लाने गई थी, उस वक्त घर में पूजा हो रही थी। काफी देर तक वो नहीं लौटी परिजन बाजार में खोजबीन के लिए निकले, पर अंशिका का कहीं पता नहीं चला। समय बितता चला गया, परिजन की चिंता बढ़ती गई थी।

अंशिका की मां शिखा मिश्रा ने कहा था, 'जब हम थाने गए तो पुलिस ने कहा कि रात हो गई है, सुबह मामले को देखेंगे। हम अपहरण का आवेदन दे रहे थे, पर पुलिस ने हमें गुमशुदगी का आवेदन देने के लिए कहा। सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी से गुहार है कि वे हमारी परेशानी को दूर करें। हमारे दर्द को अपना दर्द समझकर हमारी सहायता करें।' मामले से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें बच्ची पैदल जाते दिखी थी। मामला शास्त्री नगर थाने क्षेत्र के एजी कॉलोनी A-96 का है।



♦ परेशान मां बोली थी सम्राट चौधरी-नीतीश जी मदद करें

परिजन के अनुसार अंशिका 15 मार्च को दोपहर करीब 1:50 में घर से निकली थी। परिवार वालों को लगा कि बगल में ही तो दुकान है, सामान लेगी और तुरंत लौट आएगी, पर घंटों बीत जाने के बाद भी वो नहीं आई। परिजन ने अंशिका की खोजबीन पड़ोसियों, रिश्तेदारों के घर तक की, पर कहीं भी उसका पता नहीं चला। जिसके बाद परिजन पुलिस के पास गए। अभी तीन थाने राजीव नगर, शास्त्री नगर और पाटलिपुत्र थाने की पुलिस जांच में जुटी है। अभी तक 42 सीसीटीवी फुटेज की जांच हो गई है। पता नहीं बच्ची कहां है, क्या खा रही- नानी अंशिका की नानी ने कहा था कि बच्ची टॉपर थी। वो किसी से ज्यादा नहीं बोलती थी। किसी से मतलब नहीं रखती थी। घर में पूजा हो रही थी। बगल की दुकान से सामान लाने गई थी। मेरी बच्ची सुरक्षित घर आ जाए।

## 100 महिलाओं से 8 लाख की ठगी

बीएनएम @ हाजीपुर

वैशाली जिले के राघोपुर में एक निजी कंपनी पर सैकड़ों महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगा है। कंपनी ने महिलाओं को समूह बनाकर 50 हजार रुपये का लोन देने का झांसा दिया और फिर उनसे अलग-अलग सामान खरीदने के नाम पर पैसे जमा करा लिए। बाद में कंपनी के कर्मी ऑफिस बंद कर फरार हो गए। पीड़ित महिलाओं के अनुसार, कंपनी के कर्मी गांव-गांव जाकर महिलाओं को 11-11 के समूह में जोड़ते थे और 50 हजार रुपये का लोन दिलाने का वादा करते थे। इसके लिए पहले टीवी, मिक्सी, आयरन, सिलाई मशीन, पंखा या अन्य सामान खरीदने की शर्त रखी गई। महिलाओं से कहा गया कि सामान खरीदने के बाद ही उनका नाम कंपनी के बैंक में दर्ज होगा और लोन पास होगा।

जुड़ावनगर के वीरपुर वार्ड 5 की रहने वाली काजल देवी ने बताया कि "13 मार्च को राहुल कुमार और रंजीत कुमार मेरे घर आए और 11 महिलाओं का ग्रुप बनाने को कहा।



♦ सामान के नाम पर पैसे जमा कराए, कहा-50 हजार लोन मिलेगा, अगले दिन ऑफिस बंद, मोबाइल ऑफ

16 मार्च को हमलोग फतेहपुर चौक स्थित ऑफिस पहुंचे और सभी महिलाओं ने अपने-अपने हिसाब से पैसे जमा कर दिए। हमें कहा गया कि शाम 6 बजे तक सामान घर पहुंच जाएगा, लेकिन कुछ भी नहीं आया।" "जब शाम तक सामान नहीं आया तो हमने कॉल किया, लेकिन दोनों के मोबाइल बंद मिले। 17 मार्च की सुबह जब ऑफिस पहुंचे तो वहां ताला लगा था। वहां पहले से ही राघोपुर और रुस्तमपुर इलाके की कई महिलाएं जमा थीं, जो इसी तरह ठगी का शिकार हुई थीं।"

## पटना- महावीर मंदिर से निकला राम रथ

बीएनएम @ पटना

पटना में रामनवमी महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आज जंक्शन स्थित महावीर स्थान मंदिर से राम रथ को रवाना किया गया है। इस दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय सरावगी, आयोजन समिति के अध्यक्ष सरदार जगजीवन सिंह बबलू, महावीर मंदिर के सायन कुणाल समेत समिति के कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। सभी मंत्रियों ने रथ की आरती की। फूल चढ़ाए और प्राणाम किया। इस दौरान लोगों की भीड़ भी जुटी दिखी। रामनवमी महोत्सव की शुरुआत के रूप में आज राम रथ को महावीर स्थान मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ रवाना किया गया है। यह रथ शहर में धार्मिक उत्साह का संदेश देगा और आगामी आयोजन की भव्यता का संकेत भी होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समिति के सदस्यों के शामिल होने की संभावना है।

**27 मार्च को होगा भव्य रामनवमी महोत्सव:** समिति के संयोजक और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने 16 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर पटना में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी भगवान श्रीराम के प्राकट्य का उत्सव है और इसे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है।



**52 भव्य झांकियों से सजेगा शहर:** इस वर्ष शोभायात्रा में कुल 52 आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी, जो दीघा से ट्रांसपोर्ट नगर और सिपारा से गायघाट तक विभिन्न इलाकों से गुजरेंगी। इन झांकियों में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और आदर्शों को दर्शाया जाएगा। बड़ी संख्या में महिलाओं की भी इसमें सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

**पूरे शहर में लगेगा राममय माहौल:** आयोजन समिति की ओर से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर राम ध्वज लगाए जा रहे हैं।

सम्राट चौधरी, संजय सरावगी सहित कई नेता रहे मौजूद, 27 को 52 झांकियां निकलेंगी

साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों पर भी राम ध्वज लगाएं। मोहल्लों की पूजा समितियों से झुग्गी और दलित बस्तियों में भी ध्वज स्थापित करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा एक लाख विक्रम संवत कैलेंडर भी वितरित किए जाएंगे।

**आकर्षक सजावट और सुविधाओं की व्यवस्था:** रामनवमी के अवसर पर पटना के मुख्य मार्गों को आकर्षक तोरण द्वार और रोशनी से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल और शरबत की व्यवस्था भी सामाजिक संगठनों के सहयोग से की जाएगी। इस आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से कलाकार भाग लेंगे। मुंबई की बैंड, झारखंड की नृत्य मंडली, काशी से गंगा आरती की टीम, सिख समुदाय के निहंगों का प्रदर्शन और बंगाल के चंदननगर की लाइटिंग इस महोत्सव को और भी भव्य बनाएगी। डाकबंगला चौराहा स्थित श्रीराम चौक को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मधनिषेध कांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार, लंबा आपराधिक इतिहास उजागर

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में मधनिषेध कांड के एक फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई 19 मार्च 2026 को की गई, जिससे अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सक्रियता फिर सामने आई है। पुलिस के अनुसार, घोड़ासहन थाना कांड संख्या-91/26 एवं 475/24 (मधनिषेध) में फरार चल रहे अभियुक्त श्यामदेव राय (पिता-शिवदयाल राय), निवासी-घोड़ासहन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस अभिलेख बताते हैं कि श्यामदेव राय का आपराधिक इतिहास लंबा रहा है। उसके खिलाफ घोड़ासहन थाना में चोरी, मारपीट और मधनिषेध से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। इनमें कांड संख्या-359/15, 204/19 (चोरी), 214/22, 319/23, 352/24, 24/25 (मधनिषेध) तथा 311/22 (मारपीट) शामिल हैं। इसके अलावा चिरैया थाना कांड संख्या-198/22 (लूट) में भी उसका नाम सामने आ चुका है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। अंततः गुप्त सूचना के आधार पर उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मधनिषेध कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता, प्रशासन अलर्ट

**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है। प्रशासन के अनुसार इंडेन, भारत गैस और हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस—तीनों एजेंसियों के पास कुल 30,982 गैस सिलेंडर का स्टॉक मौजूद है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। जिले में इंडेन के 56 वितरकों के पास 13,064 सिलेंडर, भारत गैस के 28 वितरकों के पास 5,625 सिलेंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस के 31 वितरकों के पास 12,293 सिलेंडर उपलब्ध हैं। वहीं, आज तीनों एजेंसियों को मिलाकर 13,144 सिलेंडरों की बुकिंग दर्ज की गई है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 19 मार्च 2026 को कुल 15,142 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति कराई गई है, जबकि जिले के बॉटलिंग प्लांट से 14,919 सिलेंडरों का डिस्पैच किया गया है। प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की नियमित जांच और निगरानी की जा रही है। जिले में होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारु रूप से जारी है और प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। छहों अनुमंडलों के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी कर रहे हैं। निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर गैस वितरण या अन्य अनियमितताओं के मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई की जा रही है। सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया गया है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित करें और गोदाम से सीधे वितरण न करें। साथ ही, जिला नियंत्रण कक्ष सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित है, जहां उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाजारी या अधिक कीमत वसूली की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### हत्या व डकैती कांडों में तीन अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने विभिन्न थानों में कार्रवाई करते हुए हत्या एवं डकैती जैसे गंभीर मामलों के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 19 मार्च 2026 को की गई, जिसे पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, कोटवा थाना कांड संख्या-108/21 (हत्या) के अभियुक्त अछेलाल राम (पिता- इंदरजीत राम), निवासी-बचन, थाना-पिपराकोठी को गिरफ्तार किया गया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। वहीं, कल्याणपुर थाना कांड संख्या-179/24 (हत्या) के आरोपी अरुण सिंह (पिता-नरेश सिंह), निवासी-शंभूचक बहुअरा, थाना-कल्याणपुर को भी पुलिस ने दबोच लिया। उसकी भी काफी समय से तलाश की जा रही थी। इसके अलावा, कल्याणपुर थाना कांड संख्या-450/24 (डकैती) के नामजद अभियुक्त रमेश पंडित (पिता- राजा पंडित), निवासी-गोनरिया, थाना-मधुबन को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं, जिनमें डकैती का एक और मामला शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीनों अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा संबंधित मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इन गिरफ्तारियों से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को बल मिलने की उम्मीद है।

### शराब तस्करी पर कोटवा पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। कोटवा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बंगरा गांव में एक वाहन से शराब की खेप लाई जा रही है। इसके आधार पर छापेमारी की गई, जहां एक स्कॉर्पियो से 56 बोतल (42 लीटर) विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से आदित्य कुमार (पिता- स्व. कृष्णा ठाकुर), निवासी जसौली जमुनिया, थाना-भोपतपुर को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में कोटवा बाजार के दुर्गा चौक के पास वाहन जांच के दौरान एक स्कूटी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 96 पीस (17.28 लीटर) विदेशी शराब और 27,500 रुपये नकद बरामद किए गए। इस मामले में मनीष कुमार (पिता- रविंद्र प्रसाद), निवासी दीपाउ, थाना-कोटवा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष करण कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अवैध कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# एलपीजी आपूर्ति संकट: तकनीकी खामियों से जूझ रहे डिस्ट्रीब्यूटर

सागर सूरज



**मोतिहारी**। बिहार और झारखंड में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। बढ़ती मांग और अनियमित आपूर्ति के बीच डिस्ट्रीब्यूटरों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इस संबंध में बिहार एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ के महासचिव ओम प्रकाश सिंह द्वारा भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है।

यह पत्र बिहार-झारखंड के स्टेट हेड (एलपीजी) के साथ-साथ पटना, मुजफ्फरपुर और पूर्णिया के टेरिटरी मैनेजर को भी भेजा गया है।

पत्र में बताया गया है कि आईवीआरएस सर्वर फेलियर, ओटीपी से जुड़ी समस्याएं और 100% ओटीपी आधारित डिलीवरी सिस्टम ने डिस्ट्रीब्यूटरों के काम को बेहद जटिल बना दिया है। तकनीकी गड़बड़ियों के कारण गैस बुकिंग प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं में असंतोष और घबराहट बढ़ रही है। गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ने से कर्मचारियों के लिए व्यवस्था संभालना मुश्किल हो रहा है, जिसके कारण स्टॉक में असंतुलन और कार्य प्रणाली में अव्यवस्था पैदा हो रही है।

ओटीपी सेवा की विफलता भी बड़ी समस्या बनकर सामने आई है। मांग के समय ओटीपी का समय पर न आना या फेल हो जाना डिलीवरी में रुकावट पैदा करता है। ऐसे में डिस्ट्रीब्यूटरों को मैन्युअल रिकॉर्ड रखने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे कार्यभार बढ़ने के साथ त्रुटियों की संभावना भी बढ़ जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक जटिल है। कई परिवारों में एक ही मोबाइल नंबर होता है, जो अक्सर काम पर गए सदस्य के पास रहता है। ऐसे में घर पर मौजूद व्यक्ति ओटीपी उपलब्ध नहीं करा पाता, जिससे डिलीवरी असफल हो जाती है या अनावश्यक देरी होती है। इससे उपभोक्ताओं को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

पत्र में समाधान के तौर पर बुकिंग के समय ही ओटीपी जारी करने, सर्वर सिस्टम को मजबूत बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक सत्यापन व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया गया है।

डिस्ट्रीब्यूटरों का कहना है कि उन्हें रोजाना ग्राहकों की नाराजगी और शिकायतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका कार्य वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। यह स्पष्ट है कि एलपीजी वितरण व्यवस्था में तकनीकी खामियों और जमीनी समस्याओं का सबसे अधिक असर डिस्ट्रीब्यूटरों पर पड़ रहा है, जिसे दूर करने के लिए त्वरित सुधार आवश्यक है।

### एनडीपीएस मामले में दोषी करार, अभियुक्त को कारावास व जुर्माना

बीएनएम @ मोतिहारी

मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं चार्जशीट तथा विशेष लोक अभियोजक डॉ. शंभू शरण सिंह की प्रभावी पैरवी के आधार पर यह निर्णय दिया गया। एनडीपीएस कोर्ट-1, मोतिहारी की न्यायाधीश श्रीमती रेशमा वर्मा ने तुरकौलिया थाना कांड संख्या-738/23 के अभियुक्त कयामुद्दीन उर्फ लड्डू मियां (पिता- शेख मेराज), निवासी माधोपुर शेख टोली, थाना-तुरकौलिया, जिला-पूर्वी चंपारण को 2 वर्ष 9 माह के कारावास तथा 5,000 के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय के इस फैसले को मादक पदार्थ मामलों में कड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानून सख्ती से लागू किया जा रहा है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए समेकित कृषि प्रणाली पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान में 'फार्मर्स फर्स्ट' परियोजना के तहत 30 कृषकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय "समेकित कृषि प्रणाली: बाढ़ एवं जल जमाव क्षेत्र के लिए उपयुक्त तकनीकियां" रहा। इस प्रशिक्षण में तेतरिया प्रखंड के चार गांव, हनुमान नगर, उझीलपुर, नरहा एवं हसनपुर के कृषकों ने भाग लिया। संस्थान के वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर तकनीकी जानकारी प्रदान करते हुए समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से अधिक लाभ अर्जित करने के उपायों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान मछली आधारित, बकरी आधारित, पशुपालन आधारित एवं फसल आधारित समेकित कृषि प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक डॉ. एस. के. पूर्व ने बाढ़ एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में एकीकृत कृषि प्रणाली की उपयोगिता को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के अंतर्गत कृषकों को भ्रमण कार्यक्रम के तहत संग्रामपुर स्थित काश फार्म का दौरा भी कराया गया, जहां उन्होंने व्यावहारिक जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के डीडीएम आनंद अतिरेक ने कृषकों को केसीसी के माध्यम से ऋण प्राप्त करने तथा एफपीओ के जरिए आय बढ़ाने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. के. सिंह तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन बी. पाटील द्वारा किया गया।

## जख्म व पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी पर सख्ती, 24 घंटे में उपलब्ध कराने का निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने जख्म प्रतिवेदन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट को समय पर अद्यतन करने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जख्म प्रतिवेदन हर हाल में 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को भी निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रात्रि में होने वाले पोस्टमार्टम के मामलों में यदि अनुमति पत्र लंबित हो, तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। किसी भी परिस्थिति में जख्म प्रतिवेदन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट लंबित नहीं रहनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सभी थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि समय पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर तालमेल से ही व्यवस्था सुचारू रह सकती है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तर पर बैठक आयोजित की जाए, जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी अनिवार्य रूप से शामिल हों। लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में जख्म प्रतिवेदन लंबित हैं, वे एक सप्ताह के भीतर उन्हें अद्यतन कर लें, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

## भव्य कलश स्थापना एवं गुरु पूजन के साथ 55वां सद्गुरु महायज्ञ और संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। ब्रह्मलीन योगीराज श्री देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम, बाईपास रोड में 55वें सद्गुरु महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। प्रथम दिवस पर कलश स्थापना, गुरु पूजन, चरण पादुका पूजन एवं वेदी पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। आचार्य पंडित अंकेश तिवारी एवं सह-पुजारी सुधीर कुमार पांडे ने विधि-विधान से समस्त पूजन कराया, जिसमें यजमान ओम प्रकाश शाह एवं शशि भूषण चौबे ने सपत्नीक भाग लिया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष भक्तों ने "जय श्री राम" के जयघोष के साथ हाथों में ध्वज लेकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में एक रथ पर देवराहा बाबा की छवि, दूसरे पर राम दरबार की दिव्य झांकी तथा तीसरे रथ पर कथा प्रवक्ता आचार्य देवव्रत जी महाराज विराजमान थे। विभिन्न स्थानों राधा नगर, पंच मंदिर, बनिया पट्टी चौक एवं मुख्य मार्ग—पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती, शरबत, फल एवं जल सेवा के माध्यम से भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के पश्चात आश्रम परिसर में पुनः कार्यक्रम संपन्न हुआ। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि 21 दिवसीय श्री राम नाम संकीर्तन के अंतर्गत यजमान राजीव नयन पांडे द्वारा पूजन एवं हवन किया गया। यज्ञ संयोजक राम भजन ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से वृंदावन धाम से पधारे आचार्य देवव्रत जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का रसपान कराया जा रहा है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ आश्रम सेवा परिषद के सचिव डॉ. जय गोविंद प्रसाद, रंजीत कुमार, दिलीप केसरी एवं अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कथा के प्रथम दिवस पर डॉ. मीनू मिश्रा यजमान रहीं। वृंदावन से आई मंडली द्वारा कथा प्रसंगानुसार भगवान के स्वरूपों की मनोहारी झांकियां प्रस्तुत की जा रही हैं। कथा के दौरान संत द्वारा गुरु महिमा का विशेष वर्णन किया गया। आश्रम की ओर से प्रतिदिन महाभंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम के सेवक—कृष्ण कुमार, अशोक कुमार सिंह, अजय कुमार, रंजन कुमार, पप्पू कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, अशोक गुप्ता, निहाल कुमार, देवेंद्र पाठक, रामचंद्र प्रसाद, राजीव कुमार, विक्की कुमार, जैकी कुमार, गुड्डू कुमार, हरि किशोर सिंह, रविंद्र कुमार सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## जन वितरण प्रणाली दुकानों एवं विद्यालय का औचक निरीक्षण



बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर, मोतिहारी निशांत सिहारा द्वारा पिपराकोठी प्रखंड के अंतर्गत जन वितरण प्रणाली (राशन) की दुकानों एवं एक सरकारी विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने विक्रेताओं के गोदाम, खाद्यान्न के स्टॉक, अनाज की गुणवत्ता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की गहन जांच की। उन्होंने सभी पीडीएस विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, झाखरा, सूरजपुर पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय की कक्षाओं की साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं ईद—जिलाधिकारी

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में विभिन्न समितियों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा बेहतर समन्वय के लिए सुझाव भी लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के लोग गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण पेश करते हुए हमेशा की तरह ईद पर्व को भाईचारे के माहौल में मनाएंगे। प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा थाना एवं अनुमंडल स्तर पर भी शांति समिति की बैठकें कर आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में कुल 509 चिन्हित स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जिला मुख्यालय में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष (06252-242418) संचालित रहेगा तथा सभी अनुमंडलों में भी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी को लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर टीम सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रख रही है और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर सादे लिवास में पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण बल, अग्निशमन दस्ता एवं अन्य संसाधनों को तैयार रखा है। अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ ईद, चैती छठ एवं रामनवमी मनाने की अपील की।

## ईद एवं चैती छठ को लेकर नगर निगम अलर्ट, सफाई और जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। आगामी ईद एवं चैती छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए मोतिहारी नगर निगम ने शहर में स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। महापौर प्रीति कुमारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश जारी करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा है।

महापौर ने स्पष्ट किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। गली-मोहल्लों, मुख्य सड़कों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा धार्मिक स्थानों के आसपास विशेष रूप से सफाई व्यवस्था मजबूत की जाए। कूड़े का कहीं भी जमाव न हो, इसके लिए नियमित और समयबद्ध कूड़ा उठाव सुनिश्चित करने को कहा गया है।

जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने सभी बड़े-छोटे नालों की तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। संवेदनशील और जलभराव वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी के साथ जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने की भी बात कही गई है, ताकि जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी रहे।

स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में ब्लीचिंग पाउडर और अन्य रसायनों के नियमित छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका कम हो सके। महापौर ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

## बीजधरी में छापेमारी, शराब के साथ दो तस्कर समेत 11 गिरफ्तार



**बीएनएम @ मोतिहारी।** बीजधरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए छापेमारी कर शराब के साथ दो तस्करों समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, सुंदरापुर गांव में छापेमारी के दौरान संजय कुमार सहनी (35), पिता रामजन्म सहनी, को ऑफिसर चॉइस व्हिस्की के पांच पीस (कुल 900 एमएल) अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं मनोज राय (38), पिता जवाहर राय, को 10 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में नरेश मुखिया (32), महेंद्र गिरी (58), बाबू जान साइन (50), किशोर मुखिया (35), हरेंद्र राय (62), राकेश मुखिया (36), राजन कुमार (19) एवं अयोध्या गिरी (60) को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में हत्या के प्रयास के मामले में नामजद अभियुक्त मंजू देवी, पति जीउत ठाकुर, निवासी सुंदरपुर पछियारी टोला को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी सूरत में अवैध शराब के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## भारत विकास परिषद रक्सौल शाखा की नई कार्यकारिणी गठित, रजनीश प्रियदर्शी बने अध्यक्ष



**बीएनएम @ रक्सौल।** शहर के बैंक रोड स्थित एक आवासीय परिसर में गुरुवार को भारत विकास परिषद, शाखा–रक्सौल की सत्र 2026–27 की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक परिषद के संरक्षक अवधेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि तथा वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. पुतुल सिन्हा एवं प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख धीरा गुप्ता बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं। शाखा की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से रजनीश प्रियदर्शी को अध्यक्ष, सेवानिवृत्त डीएसपी नरेश कुमार को सचिव तथा सुनील कुमार को वित्त सचिव चुना गया। सभी नामों का ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए परिषद के पंचसूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण के आधार पर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण व सामाजिक समरसता के क्षेत्र में संगठन को और सक्रिय बनाया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. पुतुल सिन्हा ने परिषद को गैर-राजनीतिक संगठन बताते हुए जनसेवा कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## रक्सौल में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, भाईचारे का दिखा संदेश



**बीएनएम @ रक्सौल।** शहर के आयुष्मान होटल परिसर में भावी मुखिया प्रत्याशी सोहेल अहमद द्वारा दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के सैकड़ों हिंदू एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया, जिससे आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। इफ्तार जैसे आयोजनों से समाज में आपसी मेल-जोल बढ़ता है और लोगों के बीच दूरी कम होती है। आयोजक सोहेल अहमद ने कहा कि इफ्तार कराना एक नेक कार्य है, जिससे अल्लाह की रहमत और दुआ मिलती है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इफ्तार पार्टी में करीब एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाफिज अंसारी, रामबाबू यादव, पूर्व प्रमुख नुरुल हसन, कांग्रेस नेता अताउर्रहमान अता, अखिलेश दयाल, मनोरंजन तिवारी, मुखिया जफर आलम, शौकत अली, जिला पार्षद पति मंजू साह, मुखिया पति जाने आलम, राजद नेता सैफुल आजम, अरविंद सिंह, मोहम्मद बेलाल नदीम, हीरो आलम, अभय सिंह, रितेश गुप्ता, रजनीश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई, दो स्थानों से सिलेंडर जब्त



**बीएनएम @ मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत निहारा के निर्देश के आलोक में मंगलवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुगौली एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सदर मोतिहारी के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान चैलहा और जौनपुर (जानपुल) में छापेमारी की गई। चैलहा में कार्रवाई के दौरान दादा ढाबा में तीन घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पकड़ा गया। मौके से तीनों सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया तथा ढाबा संचालक के विरुद्ध बंजरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं जौनपुर (जानपुल) स्थित हैदराबादी चिकन बिरयानी होटल में भी दो घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया। दोनों सिलेंडरों को जब्त कर संचालक के खिलाफ टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी निशांत निहारा ने स्पष्ट किया कि अनुमंडल क्षेत्र में इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग व्यावसायिक कार्यों में न हो सके।

# अपर महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल का 71वीं वाहिनी, मोतिहारी में भ्रमण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी।** 71वीं वाहिनी स.सी.ब. मोतिहारी के प्रांगण में लेखा लोहानी (भा.पु.से.), अपर महानिदेशक, बल मुख्यालय स.सी.ब., नई दिल्ली का भ्रमण संपन्न हुआ। वाहिनी मुख्यालय प्रांगण में आगमन पर प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात सम्मान गार्ड (विशिष्ट सलामी) देकर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं परिसर को सुंदर एवं शांत बनाए रखने के उद्देश्य से फलदार पौधे का पौधारोपण किया गया। यह पौधारोपण न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भ्रमण के दौरान अपर महानिदेशक महोदया ने जवानों के कार्य-निष्पादन, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने वाहिनी के कार्यक्षेत्र से संबंधित प्रशासनिक एवं परिचालन गतिविधियों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों एवं जवानों से संवाद स्थापित कर उनके सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। अपने संबोधन में महोदया ने बल के जवानों की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा खुली होने के कारण यह अत्यंत संवेदनशील है। दोनों देशों के बीच "बेटी-रोटी" का पुराना संबंध है, जिसके चलते सीमा पर अवैध गतिविधियों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स.सी.ब. द्वारा 24 घंटे सतर्क निगरानी रखी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सुरक्षा बल की मजबूती अनुशासन, प्रशिक्षण एवं समन्वय पर आधारित होती है, तथा सभी कार्मिकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सरोज कुमार ठाकुर (भा.पु.से.), उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय स.सी.ब. मुजफ्फरपुर, डॉ. राजेश कुमार (कमांडेंट चिकित्सा), नीरज कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी), अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## मानवीय पहल से पुलिस ने मूकबधिर किशोरी को परिजनों तक पहुंचाया



बीएनएम @ हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के भाड़ा पंचायत में मिली एक मूकबधिर किशोरी को पुलिस ने सुरक्षित उसके परिजनों से मिला दिया। किशोरी अपनी पहचान बताने में असमर्थ थी, जिसके कारण शुरुआत में उसकी शिनाख्त करना चुनौतीपूर्ण बना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक किशोरी अकेली खड़ी है, जो न बोल पा रही है और न ही इशारों के माध्यम से अपना पता बता पा रही है। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे थाना ले आई। थाने में भी जब किशोरी अपनी पहचान नहीं बता सकी, तो पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर प्रसारित कराई, ताकि परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होने के बाद बृहस्पतिवार को किशोरी के परिजन थाने पहुंचे। आवश्यक जांच-पड़ताल और पहचान की पुष्टि के बाद किशोरी की पहचान नेहा कुमारी (15 वर्ष), पिता कृष्णा सहनी, वार्ड संख्या 5, भुसहा, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस मानवीय पहल को लेकर क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है।

## वातावरण में त्योहार मनाने की अपील, नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

बीएनएम @ पहाड़पुर



**पहाड़पुर।** आगामी रामनवमी और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम पहाड़पुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त रूप से अपर थानाध्यक्ष अमन कुमार और एसआई सोनू कुमार ने की। बैठक के दौरान उपस्थित दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे इन पावन पर्वों को आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कड़े निर्देश देते हुए बताया कि रामनवमी और ईद के मौके पर डीजे और ऑर्केस्ट्रा के प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि आयोजक पूर्व में ही थाने से विधिवत अनुमति प्राप्त कर लें। बिना प्रशासनिक अनुमति के जुलूस निकालने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोशल मीडिया की निगरानी पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस की तकनीकी टीम सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों पर पैनी नजर रख रही है। यदि कोई व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट साझा करता है या शांति भंग करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में दोनों पक्षों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

## बेतिया पुलिस की बड़ी उपलब्धिः 24 टन चावल ट्रक सहित बरामद, दो गिरफ्तार

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया।** बेतिया पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। चोरी किए गए 24 टन चावल को ट्रक सहित पश्चिम बंगाल के हावड़ा से बरामद कर लिया गया है। इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार 12 मार्च 2026 को बलराम कुमार गुप्ता, पिता हीरालाल गुप्ता, निवासी महनागनी टोला, निहुलिया, जिला पश्चिम चंपारण ने बेतिया मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि विजय महतो, निवासी जीटी रोड उशाग्राम, बर्दवान, पश्चिम बंगाल तथा चालक पांडव कुमार, निवासी समस्तीपुर ने जालसाजी और धोखाधड़ी कर 28,400 रुपये तथा अरुणोदय एग्रो राइस मिल के 923 बैग यानी करीब 24 टन चावल चोरी कर लिया। इस मामले में बेतिया मुफस्सिल थाना कांड संख्या 114/26 के तहत 12 मार्च 2026 को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 बेतिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के ताजपुर क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी गए चावल को ट्रक सहित बरामद किया गया। इस कार्रवाई के दौरान विक्की साव और कृष्णा साह को गिरफ्तार किया गया, जो दोनों पश्चिम बंगाल के हावड़ा के निवासी हैं। पुलिस ने मौके से ट्रक संख्या WB-11D-1011 भी जब्त किया है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 बेतिया विवेक दीप, बेतिया मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष सम्राट सिंह, जिला तकनीकी शाखा के प्रभारी, पुअनि विमल कुमार, पुअनि मनोज प्रसाद तथा थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल रहे।

# पताही में आयुष मिशन का जागरूकता अभियान, सैकड़ों बच्चों को मिला स्वस्थ जीवन का संदेश

बीएनएम @ पताही




**पताही** : प्रखंड क्षेत्र में आयुष मिशन (NAM) के तहत राज्य आयुष समिति, बिहार के निर्देश एवं जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के मार्गदर्शन में गुरुवार को व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत राजकीय मध्य विद्यालय पताही कन्या एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुटौना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 19 मार्च 2026 को जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जनार्दन प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आयुष पद्धति के माध्यम से आम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और प्राकृतिक उपचार पद्धतियों को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जटिल एवं दीर्घकालिक रोगों से बचाव के उपाय, आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के लाभ तथा औषधीय पौधों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया। बच्चों को दैनिक जीवन में छोटी-छोटी सावधानियों के महत्व के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक पुष्पा कुमारी एवं कामेश्वर कुमार सिंह, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार द्विवेदी, डॉ. दीप्ति सिंह एवं डॉ. श्वेता शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका चिकित्सकों ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से जवाब दिया। इस पहल से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं कर्मियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा। इस तरह के जागरूकता अभियान क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक साबित होंगे।

## त्योहारों को लेकर बेतिया पुलिस अलर्ट, दंगा नियंत्रण टीम का गठन




बीएनएम @ बेतिया

**बेतिया।** आगामी ईद, चैती छठ एवं रामनवमी पर्व को लेकर पश्चिम चंपारण पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन के निर्देश पर आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए दंगा नियंत्रण टीम का गठन किया गया है। गुरुवार को पुलिस केंद्र बेतिया के मैदान में गठित टीम द्वारा मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान टीम के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, चेस्ट गार्ड, लाठी एवं टियर गैस से लैस किया गया। पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन ने बताया कि यह टीम 24x7 सक्रिय रहेगी और किसी भी आपात स्थिति, दंगा या विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करेगी। बेतिया पुलिस ने आम लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा है कि प्रशासन आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।

## पँजिअरवा पीडीएस दुकान में बड़ा घोटाला उजागर, हजारों क्विंटल अनाज की कालाबाजारी

### डीलर सह पैक्स अध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज

बीएनएम @ सुगौली @ मृत्युंजय पाण्डेय

**सुगौली।** प्रखंड क्षेत्र के पँजिअरवा पंचायत में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की उचित मूल्य की दुकान में बड़े पैमाने पर अनाज घोटाले का खुलासा हुआ है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर हुई औचक जांच में यह मामला सामने आया, जिसने व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया। आपूर्ति निरीक्षक गौरव कुमार की जांच के दौरान संबंधित पीडीएस दुकान पूरी तरह खाली पाई गई, जबकि अभिलेखों में सैकड़ों क्विंटल अनाज उपलब्ध दर्शाया गया था। वहीं e-PoS सिस्टम में 179.47 क्विंटल चावल और 108.87 क्विंटल गेहूं शेष दिखाया जा रहा था। इस अंतर ने कालाबाजारी के बड़े खेल की पोल खोल दी। जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2021-22 तथा फरवरी 2025 से नवंबर 2025 के बीच एक अन्य पीडीएस दुकान, जिसका संचालन विजय कुमार सिंह के नाम पर था, उसका भी संचालन आरोपी लालबाबू यादव द्वारा किया जा रहा था। इस अवधि में भी अनाज के वितरण और भंडारण में भारी अनियमितताएं पाई गईं। पूरे मामले में कुल 774.47 क्विंटल चावल और 408.12 क्विंटल गेहूं की कालाबाजारी सामने आई है, जिसे गरीब उपभोक्ताओं के हक पर सीधा डाका माना जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर आपूर्ति पदाधिकारी ने सुगौली थाना में आरोपी डीलर सह पैक्स अध्यक्ष लालबाबू यादव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-7 सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुट गया है।

# विश्व शांति की कामना के साथ श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य आगाज, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

बीएनएम @ अरेराज



**अरेराज।** प्रखंड के गंडक तटवर्ती क्षेत्र स्थित गुरहा के ऐतिहासिक तेतर दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय शुभारंभ हुआ। विश्व शांति और जन-कल्याण के संकल्प के साथ आयोजित इस महायज्ञ की शुरुआत विशाल शोभा यात्रा से हुई, जिसमें बाजे-गाजे और घोड़ों के साथ 511 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने मस्तक पर कलश धारण कर सहभागिता की। नारायणी नदी के पावन तट पर वैदिक पूजन के पश्चात जलभरी कर यज्ञ स्थल तक की परिक्रमा की गई। महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित मदन शास्त्री एवं सहयोगी आचार्यों के सस्वर मंत्रोच्चार से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामनिवास पाण्डे एवं प्रधान यजमान चंद्र भूषण पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि यह अनुष्ठान 19 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्य यज्ञों के प्रभाव से महामारी, दुर्भिक्ष और प्राकृतिक आपदाओं का शमन होता है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला परिषद सदस्य ईश्वर चंद्र मिश्र द्वारा शरबत एवं रामेश्वर पाण्डेय द्वारा फलाहार की व्यवस्था की गई थी। गुरुवार सायंकाल मंडप प्रवेश और पंचांग पूजन संपन्न होगा, जिसके बाद शुक्रवार से दुर्गा सप्तशती का विधिवत पाठ एवं वैदिक अनुष्ठान प्रारंभ होगा। इस गरिमामयी अवसर पर सहायक यजमान परमा भगत, संजय पांडे, केपी चौरसिया, उपाध्यक्ष संदीप पांडे, कोषाध्यक्ष रामकिशोर प्रसाद, निगरानी अध्यक्ष सह सरपंच धनंजय चौबे, पूर्व जिला परिषद पप्पू मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि बाबू मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण और भक्तगण उपस्थित रहे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गोविन्दगंज पुलिस मुस्तैद दिखी। आयोजन समिति ने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवासन एवं अन्य सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

**पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।**

नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया।

पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।

बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रवासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

# प्रसन्नता का वैश्विक संकल्प और भारतीय संदर्भ



ललित गर्ग

(अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस- 20 मार्च, 2026)

मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है-धन, वैभव, पद या प्रतिष्ठा। इन सबके पार जाकर यदि कोई तत्व जीवन को वास्तविक अर्थ देता है तो वह है खुशी। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया और 2013 से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि एक वैश्विक चेतना का विस्तार है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है और उसके बिना विकास अधूरा है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें' है', जो हमें यह संदेश देती है कि खुशी का वास्तविक अर्थ केवल व्यक्तिगत संतोष नहीं, बल्कि सामूहिक आनंद और सामाजिक जुड़ाव में निहित है। पिछले वर्षों में "साथ मिलकर खुश रहना" और "खुशी बाँटना" शामिल थे, जो लोगों को दयालुता और मित्रता के माध्यम से खुशियां फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। 2026 का विषय है "देखभाल और साझा करना" जो इस बात पर जोर देता है कि स्थायी खुशी एक-दूसरे की देखभाल करने, जुड़ाव महसूस करने और एक समुदाय का हिस्सा होने से मिलती है।

विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह आंकड़ा पहली दृष्टि में चिंताजनक लगता है, लेकिन इसके पीछे की वास्तविकताओं को समझना भी आवश्यक है। भारत जैसा विशाल, बहुविधताओं से भरा और अनेक चुनौतियों से जूझता देश, जिसकी जनसंख्या विश्व में शीर्ष पर है, उसकी तुलना छोटे और कम जटिल देशों से करना कितना उचित है, यह विचारणीय है। जिन देशों को शीर्ष पर रखा गया है, वहां आबादी कम है, सामाजिक संघर्ष सीमित हैं और प्रशासनिक समस्याएं अपेक्षाकृत सरल हैं। इसके विपरीत भारत में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, असमानता और क्षेत्रीय विषमताओं जैसी जटिल समस्याएं हैं, जिनसे निपटना एक बड़ा दायित्व है। फिर भी भारत ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। लगभग 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना, डिजिटल क्रांति के माध्यम से आम नागरिक का सशक्त होना, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका, ये सभी उपलब्धियां इस बात का संकेत हैं कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की सराहना कर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या केवल आय, सामाजिक सुरक्षा और जीवन प्रत्याशा जैसे संकेतकों के आधार पर ही खुशी को मापा जाना उचित है? क्या सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक संबंधों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को नजरअंदाज कर देना न्यायसंगत है?

भारतीय संस्कृति में खुशी का अर्थ बाहरी संसाधनों से अधिक आंतरिक संतोष से जुड़ा है। यहां 'संतोष परम सुखम्' का सिद्धांत जीवन का आधार रहा है। भारतीय दर्शन यह सिखाता है कि इच्छाओं की असीमित पूर्ति नहीं, बल्कि इच्छाओं का संयम और आत्मनियंत्रण ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग है। आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में हमने खुशी को वस्तुओं और सुविधाओं से जोड़ दिया है। नई वस्तु मिलने पर क्षणिक प्रसन्नता अवश्य मिलती है, लेकिन वह जल्दी ही समाप्त हो जाती है और उसके स्थान पर नई इच्छाएं जन्म ले लेती हैं। इस प्रकार व्यक्ति एक अंतहीन दौड़ में उलझ जाता है, जहां संतोष का कोई ठहराव नहीं होता। खुशी का वास्तविक पैमाना यह नहीं है कि हमारे पास कितना है, बल्कि यह है कि हम जो कुछ है, उसमें कितना संतुष्ट और कृतज्ञ हैं। एक प्रसन्न समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और आशावान महसूस करें। आर्थिक अवसरों की समानताएं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलताएं सामाजिक संबंधों की मजबूती और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा-ये सभी तत्व मिलकर खुशहाली का आधार बनाते हैं। यदि आम नागरिक को अपने प्रयासों का उचित प्रतिफल मिले और उसे जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो, तो उसकी प्रसन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। आज के समय में बढ़ती नकारात्मकता, तनाव और अकेलापन खुशी के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरे हैं। कई लोग भौतिक रूप से समृद्ध होते हुए भी मानसिक रूप से थके हुए, निराश और ऊर्जा विहीन महसूस करते हैं। वे पर्याप्त विश्राम के बावजूद थकान का अनुभव करते हैं, कार्य के प्रति उत्साह खो देते हैं और जीवन में उद्देश्यहीनता महसूस करते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी है कि विकास के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें' हमें यह सिखाती है कि खुशी का सबसे बड़ा स्रोत हमारे संबंध हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों के साथ साझा की गई हंसी, समाज के लिए किया गया सेवा कार्य और किसी जरूरतमंद की सहायता-ये सभी अनुभव हमें भीतर से समृद्ध करते हैं। जब हम दूसरों की खुशी का कारण बनते हैं, तो हमारी अपनी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका अस्तित्व संबंधों के बिना अधूरा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने संबंधों को मजबूत करें, संवाद बढ़ाएं और सामूहिकता की भावना को पुनर्जीवित करें।

खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गरीबी, भूख, कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता जैसी चुनौतियों का समाधान किए बिना व्यापक खुशहाली संभव नहीं है। सरकार को नीतियों और योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी आवश्यक है ताकि नागरिकों का विश्वास मजबूत हो सके। जब शासन निस्वार्थ भाव से कार्य करता है तभी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही समाज और नागरिकों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि हम भ्रष्टाचार, अनैतिकता और अपराध के खिलाफ जागरूकता नहीं फैलाएंगे तो खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा। बुराइयों से मुक्ति तभी संभव है जब उनके दुष्परिणामों का सही ज्ञान हो और अच्छाइयों को अपनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। नैतिकता, ईमानदारी और सेवा भाव को जीवन में स्थान देना ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त करता है। हर व्यक्ति की खुशी की परिभाषा अलग होती है, लेकिन कुछ सार्वभौमिक सिद्धांत ऐसे हैं जो सभी के जीवन में प्रसन्नता ला सकते हैं। कृतज्ञता का भाव विकसित करना, सकारात्मक सोच अपनाना, अपने संबंधों को समय देना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, दूसरों की सहायता करना और जीवन के छोटे-छोटे क्षणों का आनंद लेना-ये सभी सरल उपाय हैं लेकिन इनका प्रभाव अत्यंत गहरा होता है। मुस्कुराना और हंसना न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार भी करता है।

अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि खुशी कोई बाहरी वस्तु नहीं है, जिसे हम प्राप्त कर लें, बल्कि यह एक आंतरिक अनुभूति है, जिसे हमें विकसित करना होता है। यह एक यात्रा है, जिसमें हमें अपने विचारों, व्यवहार और संबंधों को संतुलित रखना होता है। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की गलतियों से सीखें, वर्तमान को सजगता से जिएं और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। यदि हम अपने आसपास के लोगों में भी सकारात्मकता और आशा का संचार कर सकें, तो यह एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत होगी। इसके लिये जरूरी है कि हम इस अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस पर यह संकल्प लें कि हम केवल अपनी खुशी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की खुशी का भी कारण बनेंगे। जब हम एक साथ खुश रहने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, तभी एक सशक्त, समरस, शांतिपूर्ण और खुशहाल समाज का निर्माण संभव होगा। यही इस दिवस का सार है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# गौरैया : आंगन की चिरैया, प्रकृति की संवेदना

सुनील कुमार महला

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता(बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना था, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।

एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र(इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है।



बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी(रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी लाल सूची(रेड-लिस्ट) में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया।भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। यहां पाठकों के साथ एक दिलचस्प तथ्य शेयर करना चाहूंगा कि वर्ष 1958 में चीन में चार कीट अभियान(फोर पेस्ट्स कैंपेन) के दौरान गौरैया को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप टिड्डों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई और वहां भीषण अकाल पड़ा। चीन की यह घटना गौरैया के पारिस्थितिक महत्व को स्पष्ट रूप से रेखांकित करती है। उल्लेखनीय है कि गौरैया को 'पर्यावरण का थर्मामीटर' भी कहा जाता है, क्योंकि इसकी उपस्थिति किसी क्षेत्र के स्वस्थ पर्यावरण का संकेत देती है। यह अत्यंत संवेदनशील पक्षी है और सूक्ष्म धूल कणों से उत्पन्न ऑक्सीडेटिव तनाव से प्रभावित होता है। साथ ही, सामान्य मैना जैसे पक्षियों से प्रतिस्पर्धा भी इसकी संख्या में कमी का एक कारण है। यह पक्षी सामाजिक संकेतों के माध्यम से अपने साथियों को खतरे की सूचना देता है, धूल में नहाकर परजीवियों से स्वयं को सुरक्षित रखता है तथा कम पानी में भी जीवित रह सकता है। इसकी हृदय गति लगभग 460 से 600 प्रति मिनट तक होती है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार मानव और गौरैया का संबंध लगभग 10,000 वर्ष पुराना है, जो सह-अस्तित्व और पारिस्थितिक संतुलन का प्रतीक है। इतना ही नहीं, गौरैया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यधिक रहा है। भारतीय लोकजीवन में इसे परिवार के सदस्य की तरह स्नेह और अपनापन मिला है। वर्तमान में पक्षी-मित्र आवास, कृत्रिम घोंसले तथा गौरैया पर्यटन जैसी पहलें सकारात्मक संकेत दे रही हैं। हर साल इस दिवस की एक थीम रखी जाती है और वर्ष 2025 की थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को सम्मान' थी, जबकि वर्ष 2026 की थीम 'गौरैयाः हमारे पड़ोसी, जिन्हें आवश्यकता है' रखी गई है, जो मानव और प्रकृति के बीच संबंधों को पुनर्स्थापित करने का संदेश देती है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

(सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, पिथौरागढ़, उत्तराखंड।)




**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार में तनाव लेने की जरूरत नहीं है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजों को बदलना नामुमकिन है।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे और जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ पुरानी परिस्थितियों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी काम को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क राशि-** आज आपका मन राजनीतिक और सामाजिक कार्यों की तरफ अधिक रहेगा। राजनितिक मामले में आज सुखद यात्रा के योग बन रहे हैं। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होगें उनसे फायदा भी मिल सकता है। आपका नए वाहन का खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातें को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों की अहमियत देगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। काफी समय से चल रही बीमारी से आपको छुटकारा मिल सकता है। आज किसी भी व्यक्ति के लिए अपने मन में प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे।

**कन्या राशि-**आज का दिन जीवन में एक नई ऊर्जा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। परिवार के कुछ लोग आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करें। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

**तुला राशि-** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको ठंडे दिमाग से सोचने की जरूरत है , महत्वपूर्ण परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपसे मदद मांगेंगे। आपके सामाजिक योगदान संबंधी कार्यों के लिए आपको सम्मानित किया जाएगा।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगो को आज बढ़िया मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।


**धनु राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉर्मेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज आप सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे भी आप पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं जहां आपको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे साथी बड़ी डील फाइनल हो सकती है जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

**कुंभ राशि-**आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-ट्रैवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है।

**मीन राशि-** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेटस आज साथ में अधिक समय बितायेंगे और साथ ही डिनर प्लान कर सकते हैं। आज आपका रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जाएंगे। छात्र किसी खास मामले धैर्य और और शांति से विचार करेंगे।

# रमजान की रात में गूंजती मौत की चीखें काबुल का अस्पताल बना कब्रिस्तान और इंसानियत हुई शर्मसार



कांतिलाल मांडोत

काबुल की उस रात को शायद ही कोई भूल पाएगा जब आसमान से बरसती आग ने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। रमजान का पवित्र महीना चल रहा था जब लोग इबादत और सब्र के साथ अपने दिन गुजार रहे थे। उसी समय अचानक लड़ाकू विमानों की गूंज ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया। कुछ ही पलों में जोरदार धमाकों ने एक बड़े नशा मुक्ति अस्पताल को मलबे में बदल दिया। जहां जिंदगी को बचाने की कोशिशें होती थीं वहीं अब मौत का सन्नाटा पसरा हुआ था। यह घटना केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ एक गहरी चोट बनकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस हमले में सैकड़ों बेगुनाह लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। अस्पताल में उस समय हजारों मरीज मौजूद थे जो अपने जीवन को सुधारने की उम्मीद लेकर वहां आए थे। लेकिन किसे पता था कि वही जगह उनकी आखिरी मंजिल बन जाएगी। घायल लोगों की चीखें मलबे में दबे लोगों की मदद की पुकार और चारों तरफ फैली तबाही ने इस घटना को और भी भयावह बना दिया। यह दृश्य किसी युद्ध क्षेत्र से कम नहीं था।

तालिबान सरकार ने इस हमले को नरसंहार करार दिया है और कहा है कि यह सीधा हमला अफगानिस्तान की संप्रभुता पर है। उनके अनुसार यह हमला किसी भी मानवीय सिद्धांत के खिलाफ है और इसका जवाब दिया जाएगा। तालिबान के प्रवक्ता ने साफ शब्दों में कहा कि अब बातचीत और कूटनीति का समय खत्म हो चुका है। यह बयान इस बात की ओर इशारा करता है कि आने वाले समय में क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं तब संघर्ष और भी गहरा हो जाता है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उनका निशाना केवल आतंकवादी ठिकाने थे। उनका दावा है कि उन्होंने उन स्थानों पर हमला किया जहां से उनके खिलाफ गतिविधियां संचालित हो रही थीं। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि ऐसा था तो फिर एक अस्पताल कैसे निशाने पर आ गया। क्या यह खुफिया जानकारी की विफलता थी या फिर एक गंभीर लापरवाही। इन सवालों का जवाब अभी तक साफ नहीं है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा पीड़ा उन परिवारों को झेलनी पड़ रही है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोग अपने घर के कमाने वाले सदस्य को खो चुके हैं तो कई बच्चों के सिर से माता पिता का साया उठ गया है। मलबे में बिखरी दवाइयां टूटे हुए बिस्तर और जले हुए कपड़े इस बात के गवाह हैं कि यहां कभी जिंदगी बचाने की कोशिशें होती थीं। अब वही जगह मौत की कहानी सुना रही है। भारत ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे कायरतापूर्ण बताया है। भारत का कहना है कि निहत्थे नागरिकों पर हमला किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस घटना पर चिंता जताते हुए जांच की बात कही है। यह स्पष्ट है कि यह घटना केवल दो देशों के बीच का मामला नहीं रही बल्कि अब वैश्विक चिंता का विषय बन चुकी है। इतिहास गवाह है कि युद्धों में भी कुछ नियम और मर्यादाएं होती थीं। अस्पतालों को हमेशा सुरक्षित स्थान माना जाता था। वहां घायल सैनिकों और आम नागरिकों का इलाज किया जाता था और उन्हें किसी भी हमले से बचाया जाता था। लेकिन आज के समय में यह मर्यादाएं टूटती नजर आ रही हैं। जब अस्पताल जैसे स्थान भी सुरक्षित नहीं रह जाते तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर युद्ध और आतंक के बीच की रेखा कहां रह गई है। इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या हम तकनीकी और सैन्य ताकत के घमंड में मानवता को भूलते जा रहे हैं। जब निर्दोष लोगों की जान जाती है तब कोई भी जीत असली जीत नहीं होती। यह केवल हार होती है इंसानियत की और नैतिक मूल्यों की। दुनिया को यह समझना होगा कि हिंसा का जवाब हिंसा नहीं हो सकता।

तालिबान द्वारा बदले की बात कहना भी चिंता का विषय है। यदि बदले की भावना हावी होती है तो यह संघर्ष और भी भयानक रूप ले सकता है। इसका असर केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता पर पड़ेगा। इसलिए जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय आगे आए और इस मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान खोजने में मदद करे। इस हमले ने उन सभी लोगों के दिलों को झकझोर दिया है जो मानवता में विश्वास रखते हैं। एक अस्पताल का कब्रिस्तान में बदल जाना केवल एक घटना नहीं बल्कि एक चेतावनी है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# बुमराह, भुवनेश्वर सहित तीन गेंदबाजों के पास 200 विकेट का आंकड़ा हासिल करने का अवसर

एजेंसी, मुम्बई

28 मार्च से शुरु होने जा रहे आईपीएल 2026 में इस बार जसप्रीत बुमराह, भुवेश्वर कुमार सहित तीन गेंदबाजों के पास 200 विकेट का आंकड़ा हासिल करने का मौका है। मुम्बई इंडियंस के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुमराह के नाम जहां 183 विकेट हैं। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन के नाम 192 और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार के नाम 198 विकेट हैं। इस प्रकार देखा जाये तो भुवनेश्वर के पास 200 का आंकड़ा हासिल करने का सुनहरा अवसर है। आईपीएल इतिहास में अबतक केवल स्पिनर यजुवेंद्र चहल ही 200 विकेट ले पाये हैं। ऐसे में भुवनेश्वर दो विकट लेते ही यहां तक पहुंचने वाले दूसरे गेंदबाज बन सकते हैं। उनकी स्विंग गेंदबाजी हमेशा से बल्लेबाजों के लिए मुश्किल रही है। नई गेंद के



साथ विकेट निकालने की उनकी क्षमता को देखते हुए यह लगभग तय माना जा रहा है कि सीजन के शुरुआती मैचों में ही वह इस मुकाम तक पहुंच जाएंगे। वह ऐसा करने वाले पहले तेज गेंदबाज होंगे। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के रहस्यमयी स्पिनर नरेन के नाम 192 विकेट हैं और उन्हें यहां तक पहुंचने केवल 8 विकेट चाहिये। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विदेशी गेंदबाज बन जाएंगे। बुमराह के नाम 183 विकेट हैं और उन्हें इस बार अपने विकेटों का दोहरा शतक पूरा करने 17 विकेट चाहिये। बुमराह ने पिछले 9 सीजन में हर बार 15 या उससे ज्यादा विकेट लेते लिए हैं। पिछले आईपीएल में उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट झटके थे और हाल ही में टी20 विश्वकप में 14 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऐसे में पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि बुमराह इस सत्र में सबसे अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम करने के साथ ही अपने 200 विकेट पूरे कर सकते हैं।

## कमिंस शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे, ईशान करेंगे कप्तानी

### अभिषेक को मिली उपकप्तान की जिम्मेदारी

एजेंसी, नई दिल्ली

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल के 19 सत्र के शुरुआती मैचों में युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की कप्तानी में खेलेगी। नियमित कप्तान पैट कमिंस के पूरी तरह से फिट नहीं होने से ईशान को कप्तानी सौंपी गयी है। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा उप-कप्तानी करेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद के अनुसार जैसे ही कमिंस वापसी करेंगे। वह टीम की कप्तानी संभाल लेंगे। अभी यह पता नहीं चला है कि कमिंस कितने मैच नहीं खेलेंगे पर माना जा रहा है कि वह 23 मार्च को टीम से जुड़ेगे। वह फ्रेंचाइजी के



साथ रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजरने के दौरान सत्र के पहले तीन मैचों से बाहर रहेंगे। टीम अपना शुरुआती मुकाबला 28 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ करेगी। वहीं वह 2 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स जबकि 5 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलेगी। कमिंस दिसंबर से ही खेल से दूर हैं। पीठ की पुरानी चोट के कारण वह एशेज से भी बाहर रहे थे। उन्होंने हाल में टी20 विश्व कप भी नहीं खेला था। उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आईपीएल अनुबंध के तहत खेलने की अनुमति दे दी है। हालांकि उन्हें वापसी करने में कुछ समय लग सकता है। कमिंस ने सनराइजर्स की कप्तानी करते हुए 30 मैच खेले हैं, जिनमें से 15 में टीम जीती है जबकि 14 में हारी है। वहीं एक मैच का परिणम नहीं निकला। साल 2024 में, उनकी कप्तानी में टीम फाइनल तक पहुंची थी पर वहां उसे कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ईशान को कप्तानी इसलिए दी गयी है क्योंकि उन्हें इसका अनुभव है पहले भी वह कई अवसरों पर कप्तानी करते दिखे हैं। घरेलू क्रिकेट में भी उन्होंने कप्तान की भूमिका निभाई है। एसआरएच प्रबंधन हमेशा से इस बात को लेकर स्पष्ट था कि कमिंस की अनुपस्थिति में ईशान ही टीम की कप्तानी करेंगे।

## राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के लिए पेश की नई जर्सी

एजेंसी, नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 19 सत्र से पहले अपनी नई जर्सी लांच की है। इस दौरान कप्तान रियान पराग, आक्रामक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और स्पिनर रवि बिश्नोई भी उपस्थित थे। आईपीएल में इस नई जर्सी से टीम नये उत्साह से उतरेगी। 28 मार्च से शुरू हो रहे इस सत्र के लिए टीम नये कप्तान पराग के साथ जीत के इरादे से उतरेगी। राजस्थान ने सोशल मीडिया पर अपनी जर्सी लॉन्च किसे जाने की घोषणा भी की है। इस नई जर्सी में नीले और गुलाबी रंग को मिलाया गया है। जर्सी की तस्वीरों के साथ ही रॉयल्स ने लिखा, 'नया लुक, वही हल्ला बोल जर्सी,




लॉन्च हो गई।' रॉयल्स 30 मार्च को पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। रॉयल्स अपने शुरुआती तीन घरेलू मैच अपने वैकल्पिक मैदान गुवाहाटी में खेलेगी। बीसीसीआई टूर्नामेंट के शेष मुकाबलों का कार्यक्रम भी जारी करेगी। वैभव राजस्थान रॉयल्स की नई जर्सी की लॉन्चिंग के समय पराग के साथ नजर आये। उसे अपना पहलो मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलना है। इसके बाद टीम 4 अप्रैल को गुजरात टाइटंस से खेलेगी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम गुवाहाटी 7 अप्रैल को पांच बार के विजेता मुंबई इंडियंस और 10 अप्रैल को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलेगी। राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती चार में से तीन मैच घरेलू मैदान पर हैं। ऐसे में राजस्थान रॉयल्स शुरुआती बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। पिछले सत्र में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और वह 9वें पायदान पर रही थी।

### आईपीएल में इस बार अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने पर रहेगा ध्यान : वैभव अरोड़ा

एजेंसी, कोलकाता

युवा तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा 28 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलते नजर आयेंगे। वैभव का लक्ष्य इस आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के साथ ही अपने गेंदबाजी कौशल को बेहतर बनाना है। वैभव ने साल 2023 में आईपीएल में पदार्पण के बाद से ही लगातर अपने प्रदर्शन को सुधारा है। इस क्रिकेटर ने कुल 32 मुकाबलों में 36 विकेट लिए हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर की खिताबी जीत में भी वैभव की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। तब वैभव ने 10 मुकाबलों में 11 विकेट हासिल किए थे। अब इस बार भी इस गेंदबाज का लक्ष्य टीम की जीत में योगदान देना रहेगा। इसके को देखते हुए वह अभ्यास सत्र में पूरी ताकत लगा रहे हैं। इसके अलावा अपनी गेंदबाजी को बेहतर बनाने के लिए सभी क्षेत्रों पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर, मेरी तैयारी काफी अच्छी है। मैंने नेट्स में अपनी गेंदबाजी को पहले से बेहतर बनाया है। साथ ही कहा कि हर तेज गेंदबाज अपने को लगातार बेहतर बनाने और गेंदबाजी में विविधता लाने में लगा रहता जिससे अपनी गेंदबाजी से असर डाला जा सके।

## आईपीएल में अभिषेक शर्मा बना सकते हैं कई रिकार्ड

एजेंसी, नई दिल्ली

युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में एक साथ कई रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। आईपीएल की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और इसी दिन अभिषेक सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अपने पहले मुकाबले में उतरेंगे। अभिषेक इस बार चार छक्के लगाते ही अपने

छक्कों का शतक पूरा कर सकते हैं। उनके नाक अब तक 96 छक्के हैं। चार छक्के और लगाते ही वह ये उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। अब



तक केवल डेविड वॉर्नर के नाम ही आईपीएल में 100 छक्के हैं। वार्नर ने कुल 143 छक्के लगाये हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 88 छक्के के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं। वहीं अभिषेक के पास इस सत्र में अपने 2000 रन पूरे करने का भी अवसर है। अभिषेक ने अब तक 77 आईपीएल मैचों की 73 पारियों में 1816 रन बनाये हैं। ऐसे में वह 184 रन बनाते है वह इस टूर्नामेंट में 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हो जाएंगे। अभिषेक ने सनराइजर्स के लिए अब तक 1753 रन बनाए हैं।

# बिजनेस

## पश्चिम एशिया के हालात को देखते सरकार निर्यातकों के लिए लाई 'रिलिफ' योजना

एजेंसी, नई दिल्ली

सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच पैदा हो रही निर्यात बाधाओं को देखते हुए रिलिफ (निर्यात सुविधा हेतु लचीलापन और लॉजिस्टिक्स हस्तक्षेप) योजना को मंजूरी दी है। रिलिफ संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, इज़राइल, कतर, ओमान, बहरीन, इराक, ईरान और यमन जैसे क्षेत्रीय देशों को भेजे जाने वाले माल को कवर करेगी। इसमें डिलीवरी और ट्रांसशिपमेंट शामिल है। योजना के तहत तीन लाभ दिए गए हैं। पहला कि कंसाइनमेंट्स के लिए ईसीजीसी क्रेडिट इंश्योरेंस कवर रखने वालों को कवर के अलावा 100 प्रतिशत तक का रिस्क कवरेज मिलेगा। इसकी अवधि 14 फरवरी से 15 मार्च है। इससे बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। दूसरा अगले तीन महीनों (16 मार्च से 15 जून तक) तक निर्यात कंसाइनमेंट्स की योजना बना रहे निर्यातकों को सरकार के सहयोग से 95 प्रतिशत तक के रिस्क कवरेज वाला ईसीजीसी कवर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



इससे निर्यातकों का आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद मिलेगी और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद शिपमेंट का प्रवाह जारी रहेगा। तीसरा कुछ एमएसएमई निर्यातक क्रेडिट इंश्योरेंस (14 फरवरी से 15 मार्च तक) का लाभ नहीं उठा पाए लेकिन वे माल ढुलाई और इंश्योरेंस सरचार्ज के भारी बोझ का सामना कर रहे हैं। ऐसे निर्यातकों को राहत पैकेज में योग्य, गैर-बीमित निर्यातकों के लिए आंशिक रीइम्बर्समेंट (50 प्रतिशत तक) की व्यवस्था शामिल है। यह सहायता निर्धारित शर्तों, दस्तावेज़ों के सत्यापन और अधिसूचित सीमाओं (प्रति एक्सपोर्टर 50 लाख रुपये तक) के अधीन दी जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार रिलिफ पहल का उद्देश्य खाड़ी और व्यापक पश्चिम एशिया समुद्री गलियारे में व्यवधानों से उत्पन्न असाधारण माल ढुलाई लागत में वृद्धि, बढ़े हुए बीमा प्रीमियम और युद्ध संबंधी निर्यात जोखिमों से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को सहायता प्रदान करना है। निर्यात प्रोत्साहन मिशन के अंतर्गत राहत कार्य के लिए 497 करोड़ रुपये का स्वीकृत वित्तीय आवंटन किया गया है। ईसीजीसी दावों और निधि उपयोग की वास्तविक समय में निगरानी के लिए डैशबोर्ड आधारित निगरानी प्रणाली बनाए रखेगा। ईपीएम संचालन समिति बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के आलोक में हस्तक्षेप के संचालन की समय-समय पर समीक्षा करेगी और आवश्यकतानुसार इसमें संशोधन, निरंतरता या इसे वापस लेने की सिफारिश कर सकती है। सरकार का कहना है कि संकट की स्थिति से निपटने के लिए समन्वित प्रतिक्रिया के तहत आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनाए रखने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) 2 मार्च से काम कर रहा है। इसका उद्देश्य स्थिति की निगरानी करना और सहायता उपायों का समन्वय करना है। आईएमजी ने 3 मार्च से दैनिक समीक्षा बैठकें शुरू कीं। आईएमजी के विचार-विमर्श के आधार पर कई उपाय लागू किए गए हैं। इनमें फंसे हुए माल की आवाजाही के लिए प्रक्रियात्मक छूट, बंदरगाहों पर बेहतर समन्वय, बंदरगाहों पर प्रभावित माल के लिए भंडारण और ठहराव समय शुल्क की छूट, शिपिंग लाइन मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सलाह और बीमा जोखिम विकास और अंतर्देशीय रसद आवाजाही की मजबूत निगरानी शामिल है।

## हाजिर चांदी के भाव में बड़ी गिरावट, कीमत में आई 15 हजार रुपये से अधिक की कमजोरी

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी के भाव में आज जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। आज चांदी ने दस हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक टूट कर कारोबार की शुरुआत की थी। दिन के कारोबार में इस चमकीली धातु की कीमत की कमजोरी और बढ़ती चली गई। दोपहर बारह बजे तक कारोबार होने के बाद चांदी के भाव में बुधवार के मुकाबले 15,100 रुपये प्रति किलोग्राम की बड़ी गिरावट आ चुकी थी। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के अलग अलग सर्राफा बाजारों में आज चांदी 2,59,800 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है।

दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी आज 15,100 रुपये प्रति किलोग्राम फिसल गई, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज दोपहर बारह बजे 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही थी। इसी तरह मुंबई, अहमदाबाद




और कोलकाता में चांदी 2,59,800 रुपये के भाव पर कारोबार कर रही है। जबकि जयपुर, सूरत और पुणे में चांदी 2,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।

बेंगलुरु में चांदी 2,60,300 रुपये के स्तर पर और पटना तथा भुवनेश्वर में 2,59,900 प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। इसके अलावा हैदराबाद में चांदी 14,900 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी के साथ 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश में चांदी की सबसे अधिक कीमत आज चेन्नई में है, जहां ये चमकीली धातु आज 15,000 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती होकर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर दुनिया भर के बाजारों पर पड़ रहा है। इस तनाव के बावजूद अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही घरेलू सर्राफा बाजार तक सोना और चांदी दोनों ही चमकीली धातुओं की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ है। आम तौर पर युद्ध या तनाव के दौरान सेफ इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट के रूप में निवेशक सोने और चांदी में अपना निवेश बढ़ा देते हैं। ऐसा होने पर इन दोनों चमकीली धातुओं की कीमत में आमतौर पर तेजी का रुख बन जाता है, लेकिन फिलहाल डॉलर की मजबूती और बढ़ते बॉन्ड यील्ड के कारण सोना और चांदी के प्रति निवेशकों के रुझान में कमी आई है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग की तुलना में सप्लाई बढ़ गई है, जिसके कारण इन दोनों चमकीली धातुओं पर दबाव बन गया है।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर मची हलचल ने स्टॉक मार्केट के साथ ही बुलियन मार्केट पर भी काफी असर डाला है। लगातार बढ़ रहे तनाव की वजह से बुलियन मार्केट में भी आने वाले दिनों में लगातार उतार चढ़ाव जारी रह सकता है, क्योंकि वैश्विक माहौल फिलहाल अनिश्चित बना हुआ है। ऐसी स्थिति में सोना और चांदी में निवेश करने के इच्छुक लोगों को मार्केट एक्सपर्ट्स या निवेश सलाहकारों से चर्चा करने के बाद ही अपनी निवेश योजना को अंतिम रूप देना चाहिए।

## मार्च के पहले पखवाड़े में एफआईआई ने स्टॉक मार्केट से 53,700 करोड़ रुपये निकाले, फाइनेंशियल सेक्टर में सर्वाधिक बिकवाली

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में युद्ध की शुरुआत होने के बाद से ही दुनिया भर के स्टॉक मार्केट की तरह घरेलू शेयर बाजार भी लगातार दबाव में कारोबार कर रहा है। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) शेयर बाजार में जोरदार बिकवाली करके अपने पैसे की निकासी कर रहे हैं। विदेशी निवेशक सबसे अधिक फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली कर रहे हैं। मार्च के पहले पखवाड़े में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों की बिकवाली करके 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। जबकि फरवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने फाइनेंशियल



सेक्टर में 8,400 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च के महीने में पहले पखवाड़े के कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में कुल मिला कर 53,700 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इसमें अकेले फाइनेंशियल सेक्टर में ही 31,831 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए गए। फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशक टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन और ऑयल एंड गैस जैसे दूसरे सेक्टर्स में भी बिकवाली करते रहे। मार्च के पहले पखवाड़े में विदेशी निवेशकों ने ऑटोमोबाइल सेक्टर में 4,807 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं टेलीकॉम सेक्टर में भी बिकवाली कर विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में 3,856 करोड़ रुपये की निकासी की। इसी तरह कंस्ट्रक्शन सेक्टर में मार्च के पहले पखवाड़े के दौरान विदेशी निवेशकों ने 2,975 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि ऑयल ऐंड गैस सेक्टर में विदेशी निवेशकों ने बिकवाली कर 2,932 करोड़ रुपये की निकासी की।

### सरफिा बाजार में सोने की घटी चमक, चांदी में भी 10 हजार रुपये से अधिक की गिरावट

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। गुरुवार को कारोबार की शुरुआत में ही हाजिर सोने के भाव में 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,57,740 रुपये से लेकर 1,57,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,44,590 रुपये से लेकर 1,44,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,64,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के भाव में आज गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सिंगापुर गोल्ड एक्सचेंज में आज हाजिर सोना 4,989.65 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं लंदन सिल्वर मार्केट में हाजिर चांदी की कीमत 79.92 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,890 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के इस्तीफे से शेयर नौ फीसदी लुढ़का

एजेंसी, नई दिल्ली

एचडीएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे से गुरुवार सुबह बैंक के शेयर करीब नौ फीसदी गिर गए। बैंक के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 65,176.48 करोड़ रुपये की भारी गिरावट भी आई है। बैंक के शेयर अपने 52 हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचने से निवेशकों में चिंता बढ़ गई है। देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएएफसी बैंक के अंशकालिक चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अतनु चक्रवर्ती मई, 2021 में एचडीएफसी बैंक के बोर्ड में शामिल हुए थे। वे वित्त मंत्रालय में सेक्रेटरी,




वर्ल्ड बैंक बोर्ड में अल्टरनेट गवर्नर और नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड (एनआईआईएफ) के चेयरमैन भी रह चुके हैं। वे गुजरात कैडर के आईएएस ऑफिसर थे। नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में बैंक के भीतर की कुछ घटनाएं और काम के तरीके उनकी व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं थीं। इसी वजह से पद छोड़ने का फैसला लिया। चक्रवर्ती ने अपने पत्र में बैंक के स्वतंत्र निदेशकों और विभिन्न विभागों की सराहना भी की, लेकिन साथ ही संकेत दिया कि संगठन में बदलाव की जरूरत है। अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद एचडीएफसी लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) केकी मिस्त्री को बैंक ने अस्थायी अंशकालिक चेयरमैन नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से मंजूरी मिल चुकी है। रिजर्व बैंक ने भी एचडीएफसी बैंक में हाल के घटनाक्रमों का संज्ञान लिया है।

# धुरंधर 2 डे 1 कलेक्शन प्रेडिक्शन: बॉलीवुड की बिगेस्ट ओपनर बनने को तैयार रणवीर सिंह की फिल्म, कलेक्शन 200 करोड़ पार?




आदित्य धर की निर्देशित आगामी थ्रिलर एक्शन एंटरटेनर धुरंधर 2, जिसका ऑफिशियल टाइटल धुरंधर: द रिवेंज अपनी थिएट्रिकल रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा बटोर रही है, जिसकी वजह से यह शुरुआती बॉक्स ऑफिस पर दमदार ओपनिंग की ओर इशारा कर रहा है. रिलीज में अब बस कुछ ही दिन बाकी हैं, और फिल्म की एडवांस बुकिंग के आंकड़े सब कुछ बयां कर रहे हैं. यह दर्शकों की भारी दिलचस्पी और रिलीज से पहले बने जबरदस्त माहौल को दर्शाता है. आदित्य धर की फिल्म में रणवीर सिंह एक बार फिर से लीड करते दिखेंगे. वह एक बार फिर दमदार और निडर हमजा अली के रूप में वापसी कर रहे हैं. धुरंधर 2 में जसकीरत सिंह की पिछली कहानी दिखाई जाएगी. आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह सीक्वल वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पहली फिल्म खत्म



हुई थी, और इस बार कहानी में रोमांच पहले से ज्यादा है. फैंस के बीच बढ़ते उत्साह और बॉक्स ऑफिस पर मिल रहे शुरुआती अच्छे संकेतों को देखते हुए, ऐसा लग रहा है कि धुरंधर 2 पहले ही दिन से दर्शकों को बड़ी संख्या में सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहेगी. पैन-इंडिया रिव्यू ने धुरंधर 2 के ओपनिंड डे का प्रेडिक्शन शेयर किया है. पैन-इंडिया रिव्यू के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म भारत में अपने ओपनिंग डे पर लगभग 85-95 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने की उम्मीद है. वहीं, स्पेशल पेड प्रीव्यू शो से 30 से 32 करोड़ रुपये की शानदार कमाई होने का अनुमान है, जिससे फिल्म की कुल ओपनिंग आंकड़ों को और भी बढ़ावा मिलने में मदद होगी. अगर यह अनुमान सही साबित हुआ तो रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर भारत में पहले ही दिन 150 करोड़ का आंकड़ा आराम से छू लेगी. ओवरसीज की बात करें तो पैन इंडिया रिव्यू के मुताबिक, फिल्म पेड प्रीव्यू के प्रीमियर से 30 करोड़ रुपये के आस-पास कलेक्शन कर सकती है. वहीं ओपनिंग डे पर 35 से 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन होने की उम्मीद है. इस तरह धुरंधर 2 पहले दिन दुनिया भर में 210 से 220 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है. अगर पैन इंडिया रिव्यू का यह अनुमान सही निकलता है तो धुरंधर 2 बॉलीवुड की बिगेस्ट ओपनर फिल्म बनकर उभरेगी. यह खिताब अब तक शाहरुख खान की फिल्म जवान के नाम है. आईएमबीडी के अनुसार, जवान ने ओपनिंग डे पर 126.4 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था. रणवीर सिंह के अलावा, धुरंधर 2 में आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी भी वापसी कर रहे हैं. अक्षय खन्ना, जिन्होंने पहले भाग में विलेन रहमान डकैत का किरदार निभाया था, फिल्म में कैमियो के तौर पर नजर आ सकते हैं. यह स्पाई थ्रिलर फिल्म 19 मार्च को रिलीज होने वाली है. यह 5 भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम रिलीज होगी. बॉक्स ऑफिस पर यह तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह को कड़ी टक्कर देगी.

# सलमान खान की मातृभूमि का गाना तुम चांद देख लेना का टीजर हुआ रिलीज, साथ नजर आईं चित्रांगदा





सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम बैटल ऑफ गलवां रखा गया था। आज फिल्म का एक रोमांटिक गाना तुम चांद देख लेना का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना चांद देख लेना तुम्हें हम नजर आएंगे... की झलक आज जारी कर दी गई है। इस गाने में सलमान और चित्रांगदा का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है। सलमान खान की फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस कथित तौर पर 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के आसपास रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को आने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है। 'मातृभूमि का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। इस फिल्म का निर्माण सलमान खान कर रहे हैं। इस फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

**फिल्म**

## जगद्धात्री में आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, सोनाक्षी बत्रा ने बताया शूटिंग का अनुभव

टीवी की दुनिया में इन दिनों दर्शकों को बांधे रखने के लिए मेकर्स लगातार नई-नई कहानी और रोमांचक सीन लेकर आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ टीवी शो जगद्धात्री में देखने को मिला, जहां होली के खास मौके पर एक बेहद खतरनाक और भावनात्मक सीन फिल्माया गया। इस सीन ने न सिर्फ कहानी को नया मोड़ दिया, बल्कि कलाकारों के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती साबित हुआ। इस शो में मुख्य भूमिका निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा ने इस खतरनाक सीन की शूटिंग का अनुभव साझा किया। कहानी के मुताबिक, होली के जश्न के दौरान तपस्या, जिसका किरदार येशा हरसोरा निभा रही हैं, अपनी साजिश को अंजाम देती है। उसकी इस चाल का असर माया की बेटी गुंजन पर पड़ता है, इस रोल में परी भानुशाली हैं। अचानक माहौल में अफरा-तफरी मच जाती है और गुंजन आग की लपटों में फंस जाती है। गुंजन को बचाने के लिए जगद्धात्री और शिवाय, जिसका किरदार फरमान हैदर निभा रहे हैं, आगे आते हैं। सीन का सबसे रोमांचक पल तब आता है जब जगद्धात्री हिम्मत दिखाते हुए आग में कूद जाती है और गुंजन को बाहर निकाल लेती है। यह पूरा सीन दर्शकों को स्क्रीन से बांधे रखता है।

इस सीन की शूटिंग को लेकर सोनाक्षी बत्रा ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव काफी चुनौतीपूर्ण लेकिन यादगार रहा। उन्होंने कहा,जगद्धात्री का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास सफर रहा है और समय के साथ मुझे एक्शन सीन करना पसंद आने लगा है। आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि इसमें ज्यादा सावधानी और सटीकता की जरूरत होती है। हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है, ताकि किसी भी तरह का खतरा न हो। सोनाक्षी ने खासतौर पर अपनी को-स्टार परी भानुशाली की तारीफ की। उन्होंने कहा, इतनी छोटी उम्र में भी परी बहुत समझदार हैं और सेट पर दिए गए हर निर्देश को ध्यान से सुनती हैं। यही वजह है कि उनके साथ शूटिंग करना आसान हो जाता है। आग जैसे खतरनाक सीन के दौरान भी परी ने पूरी सतर्कता के साथ काम किया, जिससे पूरी टीम को काफी मदद मिली। उन्होंने आगे कहा, इस सीन के दौरान मैं खुद भी काफी सतर्क थी, क्योंकि मेरे साथ एक बच्ची थी और उसकी सुरक्षा मेरे लिए पहली जिम्मेदारी थी। शूटिंग के समय मेरे मन में यही था कि परी पूरी तरह सुरक्षित रहे। प्रोडक्शन टीम ने भी सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए थे और हर छोटी-बड़ी बात का ध्यान रखा गया था, जिससे यह सीन बिना किसी परेशानी के पूरा हो सका। आने वाले एपिसोड में कहानी और भी ज्यादा रोमांचक होने वाली है। होली के जश्न के बीच एक और बड़ा मोड़ आएगा, जब रुद्र की जलन खतरनाक रूप लेगी और वह अपने सौतेले भाई शिवाय को गोली मार देगा। इसके बाद जगद्धात्री और देशमुख परिवार शिवाय को अस्पताल लेकर जाएंगे और उसकी जान बचाने की कोशिश करेंगे। यह नया ट्विस्ट दर्शकों के लिए और भी ज्यादा सस्पेंस और उत्साह लेकर आने वाला है।




# सूर्या की फिल्म विश्वनाथ एंड संस का टीज़र रिलीज



साउथ सुपरस्टार सूर्या के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। लंबे समय के इंतजार के बाद सूर्या की आगामी तेलुगु फिल्म विश्वनाथ एंड संस का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेंकी एटलुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच भारी उत्साह है, क्योंकि सूर्या कई सालों के बाद किसी तेलुगु फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनके साथ प्रेमलु फेम ममिता बैजू मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म का 1 मिनट 44 सेकंड का टीजर दर्शकों को एक अनोखी दुनिया में ले जाता है। इसमें सूर्या संजय विश्वनाथ की भूमिका निभा रहे हैं, जो 40 की उम्र के एक मंझे हुए पिस्टल शूटर हैं। टीजर में दिखाया गया है कि वह अपने एक पुराने अधूरे सपने को पूरा करने के लिए आज भी जी-जान से जुटे हुए हैं। दूसरी ओर ममिता बैजू मैडी के किरदार में नजर आ रही हैं, जो एक चकाचौंध भरी और आलीशान जीवनशैली की शौकीन है। टीजर इन दोनों किरदारों के बिल्कुल अलग संसार के मिलन की ओर इशारा करता है। उम्र के फासले के बावजूद उनके बीच पनपने वाला अनपेक्षित रोमांस फिल्म की मुख्य जान लग रहा है। टीजर के विजुअल्स और बैकग्राउंड स्कोर ने फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है। निर्माताओं ने टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज और डिजिटल स्ट्रीमिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की है। विश्वनाथ एंड संस जुलाई 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि अभी सटीक तारीख की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन यह साफ हो गया है कि थियेट्रिकल रन पूरा होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। डिजिटल स्ट्रीमिंग की तारीख का खुलासा फिल्म की थियेट्रिकल रिलीज के बाद किया जाएगा।

सूर्या को तेलुगु भाषा में अपनी खुद की आवाज में डब करते देख फैंस सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है, जहाँ प्रशंसक इसे सूर्या का एक बड़ा कमबैक बता रहे हैं। सूर्या और ममिता के अलावा, फिल्म में राधिका सरथकुमार और रवीना टंडन जैसे दिग्गज कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।इस फिल्म का निर्माण सितारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के बैनर तले सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा किया गया है। फिल्म का संगीत प्रसिद्ध संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी निमिष रवि ने संभाली है। नवीन नूली की एडिटिंग और बंगलान के प्रोडक्शन डिजाइन के साथ यह फिल्म तकनीकी रूप से काफी मजबूत नजर आ रही है। राजामौली की फिल्म वाराणसी के साथ-साथ सूर्या की यह फिल्म भी आने वाले समय में दक्षिण भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकती है।

## धुरंधर 2 की रिलीज से पहले द केरल स्टोरी 2 की कमाई को झटका, 18वें दिन किया इतना कलेक्शन

द केरल स्टोरी 2 : गोज बियॉन्ड सिनेमाघरों में धमाकेदार परफॉर्म कर रही है. रिलीज के दो हफ्ते में शानदार कमाई करने के बाद रिलीज़ के तीसरे वीकेंड पर भी इस फिल्म ने जबरदस्त उछाल के साथ शानदार कलेक्शन किया. चलिए यहां जानते हैं तीसरे मंडे टेस्ट में यानी 18वें दिन द केरला स्टोरी 2 का कैसा हाल रहा है? काफी विवादों और कानूनी मुश्किलें झेलने वाली द केरला स्टोरी 2 ने रिलीज के बाद से अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया है. हालांकि इस फिल्म ने बॉक्स ऑफ़िस पर लगातार कमाई की है, लेकिन यह अपनी प्रीक्वल द केरल स्टोरी की जबरदस्त कमाई की बराबरी नहीं कर पाई. उस फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये से ज़्यादा की कमाई की थी. लेकिन फिर भी ये अपने बजट वसूलने के साथ 50 फीसदी से ज्यादा मुनाफा बटोर कर साल की सबसे बड़ी प्रॉफिटेबल फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है. वहीं रिलीज के तीसरे वीकेंड में शानदार कमाई करने के बाद तीसरे मंडे को इसके कलेक्शन में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो द केरल स्टोरी 2 ने अपने पहले वीक में 23.28 करोड़ कमाए थे. इसके बाद इसके दूसरे हफ्ते का कलेक्शन 17.12 करोड़ रुपये रहा. वहीं तीसरे हफ्ते में द केरल स्टोरी 2 ने 7.40 करोड़ का कलेक्शन किया. अब सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के 18वें दिन 1.06 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ द केरल स्टोरी 2 के 18 दिनों का कुल नेट कारोबार अब 48.86 करोड़ रुपये हो गया है. जबकि इसका ग्रॉस कलेक्शन 57 करोड़ रुपये हो गया है. द केरल स्टोरी 2 ने रिलीज के तीसरे वीकेंड तक उतार-चढ़ाव के साथ अच्छी कमाई की है. हालांकि तीसरे मंडे को इसके कलेक्शन में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है. बावजूद इसके ये एक बड़ा मील का पत्थर पार करने वाली है. दरअसल ये अब तक भारत में 48 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है ऐसे में ये 50 करोड़ी बनने से इंचभर दूर रह गई है. तीसरे मंगलवार तक ये फिल्म इस आंकड़े को छू लेगी. वहीं अब इसके पास अब कमाई केलिए तीन-चार दिन और बचे हैं क्योंकि 19 मार्च से सिनेमाघरों में रणवीर सिंह की फ़िल्म धुरंधर : द रिवेंज दहाड़ेगी. इस फिल्म के आने से द केरल स्टोरी 2 की कमाई पर असर पड़ेगा.

## फिल्म एक दिन का ट्रेलर हुआ रिलीज, नजर आई साई पल्लवी और जुनैद खान की रोमांटिक लव स्टोरी

जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन का रोमांटिक ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। आमिर खान प्रोडक्शन की इस फिल्म का टाइटल ट्रैक हाल ही में रिलीज किया गया था। आज एक दिन का ट्रेलर रिलीज कर निर्माताओं ने फैंस को खुश कर दिया है। आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म एक दिन का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। एक दिन के ट्रेलर को आमिर खान प्रोडक्शन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने पोस्ट में लिखा, कभी-कभी एक दिन भी काफी होता है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म एक दिन के ट्रेलर की शुरुआत एक फॉर्च्यून बेल यानी किस्मत की घंटी के सीन से होती है, जिसे बजाकर सभी प्रेमी जोड़े अपनी किस्मत आजमाते हैं, ताकि उन्हें अपना सच्चा प्यार मिल जाए। इस ट्रेलर के सीन में जुनैद भी एक विश मांगते हैं और कहते हैं काश मीरा (साई पल्लवी) उनकी हो जाए, फिर चाहे वो सिर्फ एक दिन के लिए ही क्यों न हो। इसके बाद शुरू होती है फिल्म में साई और जुनैद की लव स्टोरी। एक दिन का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित इस फिल्म में जुनैद खान और साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 2016 की थाई फिल्म वन डे का रीमेक है।



# LPG Distributors Face Crisis

Sagar Suraj



**MOTIHARI** : LPG distributors in Bihar and Jharkhand are currently facing a severe operational crisis due to rising demand and irregular supply of cylinders. Highlighting these issues, Om Prakash Singh from the LPG Distributors Organisation has formally written to Bharat Petroleum authorities, seeking urgent intervention. The email has been sent to the State Head（LPG）of Bharat Petrolium, Bihar and Jharkhand, along with Territory Managers in Patna, Muzaffarpur, and Purnia, urging immediate action to resolve the growing challenges in LPG distribution. According to the letter, distributors are struggling due to multiple technical and operational issues, particularly IVRS server failures, OTP-related anomalies, and the implementation of a 100% OTP-based delivery system. Frequent technical glitches in the IVRS system have disrupted the booking process, leading to panic among consumers. As a result, large crowds are gathering at distributor offices, making it difficult for staff to manage operations efficiently. This has further resulted in stock mismatches and overall operational chaos. Another major concern raised in the letter is the failure of OTP services during peak demand periods. Delays or non-receipt of OTPs are creating serious bottlenecks in the delivery process. In many cases, distributors are forced to maintain manual records, increasing workload and the risk of errors. The organisation has also emphasized the practical difficulties of implementing a fully OTP-based delivery system, especially in rural areas. In many households, only one mobile phone is shared among family members, and often the person carrying the phone is away at work during delivery hours. This makes it impossible for the person at home to provide the OTP, leading to failed deliveries or unnecessary delays. To address these issues, the organisation has proposed several solutions. These include generating OTPs at the time of booking（pre-generated OTP）, upgrading server infrastructure to handle high traffic, and introducing alternative verification methods, particularly for rural consumers. The letter also highlights the increasing pressure on distributors, who are facing daily complaints and anger from customers. This has created a highly stressful working environment for them. The situation clearly indicates that distributors are bearing the brunt of both technical failures and ground-level challenges in the LPG distribution system. The organisation has urged authorities to review the current system and implement practical solutions to ensure smooth booking and delivery operations.

## Temples not an 'industry', run on donations: Tamil Nadu board in SC



**NEW DELHI ,Agency:**Tamil Nadu Hindu Religious & Charitable Endowments Commissioner questioned the expansive definition of 'industry' settled by Supreme Court in 1978 , saying how it can cover temples when most of them are maintained from the surplus money generated from donations received by a few of them.

Appearing for the body which oversees administration, management and maintenance of Hindu religious institutions, temples and charitable endowments in TN, senior advocate Jaideep Gupta told a nine-judge bench led by CJI Surya Kant that the nature of activities carried out in a temple has nothing to do with industrial activity or disputes covered under the Industrial Disputes Act, 1947.

Gupta said industry must be a unit where the employer and employees collaborate to produce something for human need and it must have a commercial character or profit motive. "Can a temple be classified as an industry when there is no strike, lockout or retrenchment, which are the main subjects dealt with by the Act," he asked.He said in Kerala, the Devaswom Board manages hundreds of temples from the surplus funds generated by three - Guruvayur temple, Sabarimala temple and the Padmanabhaswamy temple.

"How the surplus money is used is a critical factor in determining whether an entity is a temple or not," he said, adding that corporate entities spending 2% of average net profit of the last three years on CSR (corporate social responsibility) would not make them a charitable organisation.

## Over 2.7k fire calls already this year, electric faults lead cause



**NEW DELHI ,Agency:**This year so far, the fire department has received 36 calls on a daily average reporting fire incidents in the city. Data indicates that between Jan 1 and March 15, Delhi Fire Service (DFS) responded to 2,716 fire-related incidents across the city. These emergencies saw 13 people losing their lives and 111 sustaining injuries of varying severity.A senior fire official said about 85% of fire incidents are believed to be caused by electrical faults. "People tend to install new electrical appliances and equipment every year but often fail to upgrade or properly maintain their wiring systems, which can lead to short circuits," he said.He added that many homes contain highly combustible materials, such as curtains, wooden furniture and other household items, but residents frequently neglect to follow proper fire safety norms while constructing or furnishing their houses. This combination of outdated electrical systems and flammable materials significantly increases the risk of fires spreading rapidly, he said.

Another senior fire official said the department is receiving a wide range of fire-related calls every year. "We constantly strive to raise public awareness about the measures they should take to make their homes and workplaces safer from fire hazards," he said.

## Jamia joins youth exchange programme

**NEW DELHI ,Agency:**Jamia Millia Islamia (JMI) has, for the first time, participated in the Ministry of Development of North Eastern Region (DoNER)'s Ashtalakshmi Youth Exchange Programme, sending a 20-member student delegation on a tour to Northeast India from March 15 to 28.

The fully-funded programme covers air travel, accommodation and other logistics, with the JMI delegation currently hosted at the IIT-Guwahati. Students are taking part in academic interactions, institutional visits and cultural activities as part of the exchange. The initiative aims to promote national integration and cultural understanding by connecting youth from different regions of the country. Through field visits and discussions, participants are being exposed to the socioeconomic and cultural landscape of the northeastern states, along with ongoing developmental initiatives in the region. The programme is being coordinated by Sudhanshu Trivedi, Assistant Professor at the Nelson Mandela Centre for Peace and Conflict Resolution, who has been appointed as the nodal officer by the Ministry of DoNER and the JMI Vice-Chancellor. JMI officials said such initiatives help broaden students' intellectual and cultural exposure, while strengthening inter-regional ties and encouraging youth participation in nation building. The university said its involvement in the programme reflects its continued focus on promoting academic exchange, cultural dialogue and youth engagement at the

# For seven who were away, the home they knew no longer exists



**NEW DELHI ,Agency:** In a close shave that seems both miraculous and cruel, seven members of the Kashyap family who were away on Tuesday night are now returning to a home in Palam village that no longer exists as they knew it - their shop and home scorched and nine of their loved ones gone.

For nearly five decades, the family lived together above their garment, jewellery, skincare and cosmetics shop, Pravesh Moderate Fashion -named after one of the sons, Pravesh. This space sustained generations and held together a joint family under one roof, where life moved in shared routines and constant presence.

Sunil Kashyap had left for Solan Valley in Himachal Pradesh just a day earlier for work, a routine trip that would become the reason he survived. A senior customer relations assistant at Delhi Metro Rail Corporation, he was rushing back to Delhi within hours on learning that he had lost his mother, two brothers, sister, two sisters-in-law and three young nieces in the tragedy.

Sunil's father, 70-year-old Rajender Kashyap, a well-known local figure and two-time president of Sadh Nagar Market Association, also had a narrow escape. He had travelled to Panaji two days earlier for work. Now, he has returned to confront the loss of the home and family he spent a lifetime building.

Sunil's wife Gauri, lovingly called 'Dolly' by her family, had also been away at her native place in Bharatpur, Rajasthan, for nearly a week with their sons, five-year-old Harshit and one-year-old Kairav.

Kavita, the wife of Pravesh, had gone to Najafgarh with her son, Vyom, for a wedding back home. At Manipal Hospital, she sat surrounded by relatives, too shocked to speak or comprehend anything. "We have not told her how many people have died yet. We are terrified of how she will take it," said Yash, a cousin of the Kashyaps.

What awaits them all is not just the sight of blackened walls, but the collapse of a life built patiently and lovingly over 50 years. The house that was never empty, the shop that carried their name and memories, and the joint family that moved as one now lie in pieces.

## Emergency operations centre to be set up in national capital

**NEW DELHI ,Agency:** The Delhi State Disaster Management Authority (DSDMA) will set up a state-of-the-art Emergency Operations Centre (EOC) and an Integrated Command and Control Centre in a bid to enhance the disaster response system in the national capital. The decision was taken during the meeting of DSDMA chaired by L-G Taranjit Singh Sandhu alongside Chief Minister Rekha Gupta.Moreover, the authority also gave in principle approval to the Delhi Urban Flood Mitigation Plan with a proposed budget outlay of Rs 21,000 crore.This comprehensive plan focuses on strengthening drainage infrastructure, desilting of major drains, construction of additional stormwater channels and real-time flood monitoring systems to significantly reduce urban flooding risks during monsoons.

## Blaze at ITO Trade & Taxes building in Delhi; no injuries reported



**NEW DELHI ,Agency:** A blaze broke out at the Trade and Taxes building at ITO in the national capital on Thursday morning, a day after a deadly fire in a residential-cum-commercial building in Palam.

According to officials, information about the fire on the 12th floor of the ITO building was received by the fire department at 8.26am, following which six fire tenders were rushed to the spot to bring the situation under control.

The Delhi Fire Services said the blaze was brought under control within a short time.

No casualties have been reported so far, and the cause of the fire remains under investigation. Further details are awaited.

Meanwhile, the Delhi government on Wednesday announced compensation of ?10 lakh for families of those who lost their lives in the Palam building fire, while ?5 lakh will be given in case of deceased children. Additionally, ?2 lakh compensation will be provided to those who sustained serious injuries in the fire.

Prime Minister Narendra Modi had on Wednesday announced an ex-gratia of ?2 lakh to the next of kin of each deceased in the Palam residential building fire. Expressing his deepest condolences on the incident, the PM also announced ?50,000 ex-gratia for the injured from the Prime Minister's National Relief Fund.

The fire had broken out in a residential building in the Sadh Nagar area of Palam, allegedly due to a short circuit in the early hours of Wednesday. Delhi Fire Services, National Disaster Response Force (NDRF), police and other agencies are engaged in relief work.The death toll in the fire has risen to nine, while three people have been reported injured so far, according to fire officials.

## Women MPs 'uncomfortable' as Rahul Gandhi moves around like a 'tapori', says Kangana




**NEW DELHI ,Agency:** Women parliamentarians feel "very uncomfortable" with Rahul Gandhi as he moves around like a "tapori" and butts into interviews of others, BJP MP Kangana Ranaut said Wednesday in a swipe at the leader of opposition and asked him to learn from his sister Priyanka Gandhi Vadra who has "good etiquettes".

"Rahul Gandhi is a shame I must say," she told reporters on Parliament's premises. Using Hindi slangs to target him, the actor-politician said, "We women feel very uncomfortable seeing him. He moves around like a tapodi and speaks in tu-tadak".

Rahul's preferred casual attire, often a white T-shirt paired with cargo pants, have at times faced criticism from BJP members for allegedly not in line with decorum of Parliament but Kangana's reference to discomfort of women Parliamentarians with him drew criticism.

"That is such an unthoughtful statement to make," Shiv Sena (UBT) MP Priyanka Chaturvedi, praising women leaders who have come out of the Nehru-Gandhi family and he has grown up watching.

"For him to disrespect or make any woman feel uncomfortable is absolutely unthinkable," she said.

# Man gets interim relief in rape case; court notes five-year gap before FIR



**New Delhi, Agency:** A Delhi court has granted interim protection from arrest to a man accused of rape, directing him to join the investigation while noting delays and gaps in the prosecution's case.

Additional sessions judge Kapil Kumar was hearing an anticipatory bail plea filed by Sanjay Jain in connection with an FIR registered at Keshav Puram police station. In the order dated March 17, the court said the applicant "deserves the opportunity to join the investigation", noting that the FIR was lodged nearly five years after the first alleged incident in April 2021.

The court directed that no coercive action be taken against Jain till March 28, the next date of hearing, and asked him to cooperate with the investigating officer.

The court also noted submissions by the investigating officer that the complainant's husband, who allegedly received obscene photos or videos, had "not provided any such material to the police so far".

It was further informed that the prosecutrix had "declined to undergo an internal medical examination" during the investigation.

The prosecution opposed the bail plea, arguing that the allegations were serious and required strict scrutiny.

Counsel for the applicant, Parvesh Dabas, argued that the case arose out of a commercial dispute that had been given a criminal colour. He submitted that the complainant owed "around Rs 40 lakh" for supplied goods despite repeated reminders and a legal notice. He also contended that the complainant and Jain had been in a consensual relationship since 2017, and that "the present case was filed only after relations

## Is tree authority's nod needed to remove uprooted trees: HC

**New Delhi, Agency:** Delhi High Court on Wednesday asked the forest department to answ-er if people need permission from the tree author-ity to remove trees uprooted in thunderstorms or branches hanging dangerously.The court asked this question after a PIL claimed the violation of a 2023 court ruling that no pruning or re-moval of branches of any girth can happen without the permission of the tree authority/officer.